Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 170 | सोमवार, 29 जून-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## हिमाचल प्रदेश के चंबा में बड़ा हादसाः 300 फीट गहरी खाई में गिरी कार, चार लोगों की मौत

वेलकम इंडिया, नेटवर्क





**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में बड़ा हादसा हो गया। यहां रविवार सुबह चुराह उपमंडल में एक कार करीब 300 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। जिले के चुराह उपमंडल में नकरोड़-हिमगिरि डैम साइड सड़क पर एक कार करीब 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, हादसे की शिकार हुई कार चुराह क्षेत्र से गुजर रही थी। इसी दौरान अचानक बैलेंस बिगड़ गया और कार सीधे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय उसमें चार लोग सवार थे। आसपास के लोगों को पता चला तो तुरंत मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। घटना की सूचना मिलते ही तीसा पुलिस, स्थानीय प्रशासन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। टीम ने राहत और बचाव अभियान चलाया। खाई में उतरकर शवों को बाहर निकालने का काम शुरू किया। हादसे वाली जगह दुर्गम होने की वजह से टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस का कहना है कि सभी मृतक चुराह उपमंडल की टिकरीगढ़ पंचायत के रहने वाले हैं।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती तौर पर यह पता लगाया जा रहा है कि दुर्घटना चालक के नियंत्रण खोने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह भी थी। प्रशासन मृतकों की औपचारिक पहचान करने और उनके परिजनों को सूचना देने में जुटा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। चंबा जिले में कल शनिवार को भी भरमौर क्षेत्र में हादसा हुआ था। लगातार सामने आ रहे इस तरह के हादसों ने पहाड़ी सड़कों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कराची हमले पर पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने किया खारिज, दी पुरानी आदत छोड़ने की नसीहत

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के कराची में हुए हालिया आतंकी हमले को लेकर भारत पर लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद और मनगढ़ंत बताते हुए खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स और बयानों पर पलटवार करते हुए इस्लामाबाद को कड़ी नसीहत दी है कि वह अपनी पुरानी आदतों से बाज आए। भारत ने साफ शब्दों में कहा है कि पाकिस्तान अपनी आंतरिक विफलताओं, कमजोरियों और कानून-व्यवस्था की बदहाली को छुपाने के लिए हमेशा की तरह भारत की तरफ उंगली उठाने की कोशिश कर रहा है, जिसे भारत सिरे से खारिज करता है।

### आतंकवाद को सरकारी नीति का हथियार बनाना बंद करे पाकिस्तान

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'हमने हाल ही में कराची में हुई घटना को लेकर भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने वाली पाकिस्तानी रिपोर्टें देखी हैं। हम उन्हें कड़े शब्दों में खारिज करते हैं। दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय, पाकिस्तान के लिए यह बेहतर होगा कि वह अपने अंदर झांके।' उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान अपनी धरती पर मौजूद आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ असली और पुख्ता कार्रवाई करे और राज्य की नीति के एक टूल के रूप में आतंकवाद का इस्तेमाल करने की अपनी पुरानी गंदी आदत से खुद को आजाद करे। भारतीय विदेश मंत्रालय का मानना है कि जब भी पाकिस्तान के अंदर कोई हिंसक वारदात या सुरक्षा में चूक होती है, तो वहां का प्रशासन बिना किसी जांच-पड़ताल के भारत पर दोष मढ़ने की स्क्रिप्ट लिखने लगता है।

### कराची में क्या हुआ था?

आपको बता दें कि पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में शनिवार रात एक बेहद भीषण आतंकी हमला हुआ था। हमलावरों ने पाकिस्तान रेंजर्स के प्रांतीय मुख्यालय को निशाना बनाया और विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी लेकर सीधे कंपाउंड के अंदर घुस गए और धमाका कर दिया।

इस धमाके के बाद सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच करीब 90 मिनट तक ताबड़तोड़ गोलीबारी चली। इस मुठभेड़ में कम से कम 4 सुरक्षाकर्मी मारे गए। हालांकि, जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने 6 आतंकवादियों को ढेर कर दिया, जबकि एक आतंकी को जिंदा पकड़ने का दावा किया गया है।

## प्रो. संजय द्विवेदी बोले- एआई के दौर में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए तैयार हों छात्र



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** टेक्निया इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (TIAS) में शनिवार को 24वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन डॉ. आर. के. गुप्ता ने की। इस अवसर पर भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक और प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. संजय द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में तथा वरिष्ठ उद्योग विशेषज्ञ श्री संतोष मित्तल विशिष्ट अतिथि के नाते उपस्थित रहे।

समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. अजय गुप्ता, डीन डॉ. एम. एन. झा, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सफल विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपाधियाँ प्रदान की गईं। साथ ही विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। उपाधि एवं सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर उपलब्धि, आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति आशा का विशेष उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था। मुख्य अतिथि प्रो. संजय द्विवेदी ने दीक्षांत भाषण में विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत केवल शिक्षा की समाप्ति नहीं, बल्कि जीवन की नई जिम्मेदारियों का शुभारंभ है। उन्होंने कहा कि आज का युग कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल संचार और तीव्र तकनीकी परिवर्तन का युग है, जिसमें केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, बल्कि निरंतर सीखना, नवाचार करना और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा, ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज, राष्ट्र तथा मानवता के कल्याण के लिए करें तथा अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। प्रोफेसर द्विवेदी ने अध्यापकों का आह्वान किया कि वे एआई के समय में अपने विद्यार्थियों को डिजिटल ट्रांसफार्मेशन के लिए तैयार करें।

## राम भक्तों पर गोली चलाने वालेः हाथरस में सीएम योगी का अखिलेश यादव पर वार

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हाथरस के सलेमपुर इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचे। अपने इस दौरे पर सीएम योगी ने हाथरस की जनता को 548 करोड़ रुपये की लागत वाली 143 विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। उन्होंने वहां लोकल प्रोडक्ट्स के स्टॉल्स का मुआयना किया, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक बांटे और साथ ही छोटे बच्चों को अपने हाथों से खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन भी कराया।

### राम भक्तों पर गोली चलाने वाले अब अयोध्या की बात कर रहे हैं

प्रोग्राम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव के एक बयान पर जमकर चुटकी ली। योगी ने कहा, 'अखिलेश यादव कह रहे हैं कि उनकी सरकार आएगी तो वे अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाएंगे।

अरे, आप क्या बनाएंगे! अपना इतिहास तो देखिए, राम भक्तों पर गोली आप ही के लोगों और आपकी सरकार ने चलाई थी।' उन्होंने आगे कहा कि आज जब पीएम मोदी के नेतृत्व में अयोध्या त्रेता युग जैसी चमक रही है, तो विपक्ष के मुंह में भी पानी आने लगा है।

### पैसे के डायवर्जन पर सीएम योगी का बड़ा बयान

सीएम योगी ने सपा सरकार के पुराने दिनों की याद दिलाते हुए कहा कि उनके समय में थानों और जेलों में कृष्ण जन्माष्टमी मनाने पर रोक थी और कांवड़ यात्रा पर भी बैन लगा दिया गया था। उन्होंने कहा, 'आज हाथरस में 22 से ज्यादा मंदिरों का सुंदरीकरण हुआ है।

क्या यह सपा के राज में मुमकिन था? बिल्कुल नहीं, क्योंकि उनके समय में विकास का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवॉल के लिए जाता था। हमारी सरकार ने वही पैसा मंदिरों की तरफ डायवर्ट किया है, क्योंकि कब्रिस्तान की नहीं, आस्था के केंद्र मंदिरों की जरूरत है।'

### अयोध्या की चिंता छोड़ें, अखिलेश को योगी की सलाह

योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि अयोध्या को राम भक्तों ने पहले ही पूरी तरह सजा और संवार दिया है। अब वे उसकी चिंता छोड़ें, अपने पुराने किए पर पश्चाताप करें और एक बार जाकर रामलला के दर्शन कर लें ताकि उन्हें थोड़ी सद्बुद्धि आए। सीएम ने चैलेंज देते हुए कहा, 'अगर आप सचमुच खुद को धार्मिक दिखाना चाहते हैं, तो अब मथुरा-वृंदावन और श्री कृष्ण जन्मभूमि पर खुलकर बोलिए। कहिए कि राम जन्मभूमि आंदोलन की तरह कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का भी अभियान चलना चाहिए।'

### मुल्ला-मौलवियों के सामने घुटने टेकने वाले विकास क्या करेंगे?

सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए कहा कि उनकी सरकार मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालुओं को वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं देने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। लेकिन विपक्ष में इसके लिए हिम्मत नहीं है। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा, 'आपके पास मुल्ला और मौलवियों के सामने घुटने टेकने के सिवाय कोई और एजेंडा नहीं है।

आपके पास अयोध्या, मथुरा या काशी की पौराणिक पहचान को बचाने की कोई सोच नहीं है। इसलिए जनता की आंखों में धूल झोंकना बंद करिए और 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' वाली कहावत को सच मत करिए। अयोध्या अपनी पहचान के लिए किसी की मोहताज नहीं है।'

## कैलाश मानसरोवर यात्राः काठमांडू में फंसे 52 भारतीय श्रद्धालु, विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के जरिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा का प्लान बना रहे भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए विदेश मंत्रालय ने एक बेहद जरूरी एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने श्रद्धालुओं को साफ तौर पर सलाह दी है कि वे वैध चीनी वीजा और जरूरी एंट्री परमिट जैसे सभी अनिवार्य डाक्यूमेंट्स के बिना मानसरोवर की यात्रा पर बिल्कुल न निकलें।

### क्यों जारी करनी पड़ी एडवाइजरी?

दरअसल, विदेश मंत्रालय को यह कदम उन खबरों के सामने आने के बाद उठाना पड़ा है, जिनमें पता चला है कि सही और पूरे डाक्यूमेंट्स न होने की वजह से करीब 52 भारतीय तीर्थयात्री नेपाल की राजधानी काठमांडू में फंस गए हैं। ये सभी श्रद्धालु वहां अपनी आगे की यात्रा जारी रखने के लिए मदद का इंतजार कर रहे हैं। इसी सिचुएशन को देखते हुए सरकार ने बाकी लोगों को पहले ही सावधान कर दिया है।

### पहले टूर ऑपरेटर को करें 'फैक्ट चेक'

विदेश मंत्रालय ने साफ लफ्जों में कहा है कि बिना पेपर्स के या कागजात बाद में मिल जाएंगे इस उम्मीद में यात्रा शुरू करना श्रद्धालुओं के लिए भारी मुसीबत खड़ी कर सकता है। इसके साथ ही मंत्रालय ने तीर्थयात्रियों से पुरजोर अपील की है कि वे अपनी इस पवित्र यात्रा की बुकिंग करने से पहले पूरी छानबीन कर लें। लोग अच्छी तरह जांच लें कि जिस टूर ऑपरेटर से वे बुकिंग कर रहे हैं, वह सरकार द्वारा रजिस्टर्ड और पूरी तरह ऑथराइज्ड या नहीं।

## 'जन्मदिन का बहाना, किले की सैर और मौत का जाल'; केतन हत्याकांड की एफआईआर में क्या खुलासे हुए?

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पुणे में कारोबारी केतन अग्रवाल की मौत के मामले लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। अब मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है। केतन के पिता द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में कई ऐसे आरोप लगाए गए हैं, जिन्होंने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। एफआईआर के मुताबिक, मंगेतर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी पर केतन की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। केतन अग्रवाल के पिता विशाल देवीचंद अग्रवाल ने 23 जून को पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर में दावा किया है कि सिया गोयल पिछले कुछ समय से असामान्य व्यवहार कर रही थी। परिवार के अनुसार, सिया छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करती थी और अक्सर केतन से झगड़ा करती थी। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि 4 जून को लोहागढ़ किले की यात्रा रद्द होने के बाद सिया काफी नाराज हो गई थी और लगातार वहां जाने की जिद कर रही थी। परिवार का आरोप है कि सिया ने इसी यात्रा को लेकर केतन पर दबाव बनाया था। केतन अग्रवाल के पिता विशाल देवीचंद अग्रवाल ने 23 जून को एफआईआर दर्ज कराई थी। परिवार ने आरोप लगाया है कि सिया गोयल पिछले कुछ समय से असामान्य व्यवहार कर रही थी और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करती थी। एफआईआर के अनुसार, सिया लगातार केतन पर लोहागढ़ किला घूमने जाने का दबाव बना रही थी। 17 जून की रात सिया ने अपने जन्मदिन का हवाला देकर केतन को 18 जून को लोहागढ़ चलने के लिए तैयार किया था। केतन की मां ने पहले यात्रा की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन सिया ने उनसे सीधे बात कर उन्हें मना लिया था।

## मुहर्रम के जुलूस में इम्युनिटी बूस्टर के नाम पर बांटा चूहे मारने का जहर, आरोपी को पुलिस ने किया अरेस्ट

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** मुंबई में मुहर्रम के जुलूस के दौरान शुक्रवार को एक बहुत बड़ी त्रासदी होने से बाल-बाल बच गई। पुलिस ने ऐन वक्त पर मुस्तैदी दिखाते हुए एक ऐसे शख्स को दबोच लिया, जो भीड़ में जहर की गोलियां बांट रहा था। भायखला इलाके से फैयाज प्रेमजी नाम के इस आरोपी को हिरासत में लिया गया है। यह एक्शन तब हुआ जब उसकी दी हुई गोलियां खाने के बाद करीब एक दर्जन लोग अचानक बीमार पड़ गए।

### चूहे मारने वाला खतरनाक केमिकल और आरोपी का कबूलनामा

जांच में सामने आया है कि इन कैप्सूल्स में 'जिंक फॉस्फाइड' नाम का एक बेहद खतरनाक केमिकल मिलाया गया था, जिसका इस्तेमाल चूहे मारने वाले जहर में होता है। पुलिस कस्टडी में आरोपी प्रेमजी ने अपना गुनाह कबूल करते हुए चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने बताया कि उसका इरादा उस दिन जुलूस में शामिल हजारों लोगों को जहर देकर मारने का था। बीती रात कोर्ट ने आरोपी को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

आरोपी फैयाज प्रेमजी रे रोड पर रहमताबाद कब्रिस्तान के पास आशूरा के जुलूस में शामिल लोगों को ये गोलियां बांट रहा था। उसने भारी भीड़ का फायदा उठाते हुए इन जहरीली गोलियों को पेनकिलर और इम्युनिटी बूस्टर बताकर लोगों को दे दिया। गोलियां खाने के बाद कम से कम 11 लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें तुरंत पास के हॉस्पिटल ले जाया गया। राहत की बात यह है कि अब सभी खतरे से बाहर हैं। बीमार पड़े लोगों में से एक सलमान सैयद ने बताया कि गोली खाने के बाद उसके पेट में तेज दर्द और उल्टी होने लगी थी।

### पुलिस का बड़ा एक्शन, 14,900 जहरीले कैप्सूल्स जब्त

डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस जयंत मीणा ने कन्फर्म किया कि आरोपी ने कैप्सूल्स में खतरनाक जिंक फॉस्फाइड मिक्स किया था और उसके पास दवाइयां बांटने का कोई लीगल लाइसेंस या अथॉराइजेशन नहीं था। पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी के पास से करीब 14,900 कैप्सूल्स का स्टॉक जब्त कर लिया है। शुरूआती जांच के मुताबिक, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी काफी मात्रा में ये गोलियां लोगों को बांट चुका था। इतना ही नहीं, डीसीपी मीणा ने बताया कि आरोपी ने 30,000 खाली कैप्सूल्स और 50 किलो फास्फोरस का ऑर्डर भी पहले से दे रखा था।

शुक्रवार को एक बड़ी तबाही को रोकने का पूरा क्रेडिट तीन महिला वॉलेंटियर्स को जाता है। इनमें से एक महिला ने आरोपी को बेहद संदेहास्पद तरीके से गोलियां बांटते हुए स्पॉट किया था। महिलाओं ने तुरंत उसे रोका और पुलिस को इन्फॉर्म किया। इसके साथ ही लाउडस्पीकर पर अनाउंसमेंट करके लोगों को वो गोलियां न खाने की वॉर्निंग दी गई।

## संपादक की कलम से

# चिन्ताजनक है महंगी होती दवाइयां, महंगा होता इलाज


ललित शर्मा
संपादक

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने के स्वप्न के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना बार–बार दोहराई जा रही है। बड़े–बड़े बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां और आर्थिक विकास के दावों के बीच एक प्रश्न बार–बार सामने खड़ा हो जाता है–क्या ऐसा भारत वास्तव में विकसित कहलाएगा, जहां एक सामान्य नागरिक बीमारी के कारण कर्ज में डूबने को विवश हो जाए? जहां इलाज और दवाइयों की बढ़ती कीमतें जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी तय करने लगें? जहां स्वास्थ्य सेवा अधिकार नहीं, बल्कि आर्थिक सामर्थ्य का विषय बन जाए? ऐसे समय में जब महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है, नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एन.पी.पी.ए.) द्वारा कुछ जीवनरक्षक दवाओं और टीकों की कीमतों में भारी वृद्धि की अनुमति देना गंभीर चिंता का विषय है। कैंसर की कुछ दवाओं, एंटी–टेटनस सीरम और बच्चों के आवश्यक टीकों की कीमतों में लगभग पचास प्रतिशत तक वृद्धि की स्वीकृति ने लाखों परिवारों के सामने नया संकट खड़ा कर दिया है। यह निर्णय केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवीय संवेदना और जनकल्याणकारी शासन की अवधारणा से भी जुड़ा हुआ प्रश्न है। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि देश में बड़ी संख्या में लोग आज भी अपने इलाज का खर्च अपनी जेब से वहन करते हैं। बीमारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं रह जाती, वह आर्थिक संकट में भी बदल जाती है। एक समय था जब कहा जाता था कि व्यक्ति अपनी बेटी की शादी के कारण कर्ज में डूबता है, लेकिन आज की स्थिति यह है कि किसी गंभीर बीमारी का इलाज पूरा परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद कर सकता है। कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग या अन्य जटिल बीमारियों का उपचार लाखों रुपये की मांग करता है। ऐसे में यदि जीवनरक्षक दवाइयों की कीमतें भी लगातार बढ़ती रहें तो गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए स्वास्थ्य सेवा लगभग असंभव हो जाएगी। एन.पी.पी.ए. ने दवाओं की कीमत बढ़ाने के पीछे उत्पादन लागत में वृद्धि और बाजार में संभावित कमी का तर्क दिया है। उनका कहना है कि यदि दवा कंपनियां लागत भी नहीं निकाल पाएंगी तो वे उत्पादन बंद कर सकती हैं, जिससे मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। यह तर्क अपनी जगह सही हो सकता है। किसी भी उद्योग को जीवित रहने के लिए उचित लाभ आवश्यक है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जीवनरक्षक दवाओं को सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं की तरह देखा जा सकता है? क्या स्वास्थ्य क्षेत्र में लाभ कमाने की सीमा और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन स्थापित नहीं किया जाना चाहिए? स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी सभ्य समाज की दो मूलभूत आवश्यकताएं हैं। दुर्भाग्य से भारत में इन दोनों क्षेत्रों में व्यवसायीकरण का प्रभाव लगातार बढ़ता गया है। निजी अस्पतालों की बढ़ती फीस, महंगे परीक्षण, अनावश्यक जांचें, चिकित्सा उपकरणों का भारी खर्च और अब दवाइयों की बढ़ती कीमतें मिलकर आम नागरिक को असहाय बना रही हैं। चिकित्सा सेवा धीरे–धीरे सेवा के बजाय उद्योग में परिवर्तित होती दिखाई दे रही है। अस्पताल स्वास्थ्य केंद्र कम और कॉरपोरेट प्रतिष्ठान अधिक प्रतीत होने लगे हैं। रोगी अब मरीज नहीं, बल्कि ग्राहक की तरह देखा जाने लगा है।

## नन्हा सीख रहा

डॉ. सत्यवान सौरभ

कविता



नन्ही–नन्ही आँख में, सपनों का संसार।
टैब संग सीख रहा, उज्ज्वल हो व्यवहार॥

मन लगाकर देखता, नई–नई हर बात।
खेल–खेल में सीखता, जीवन की सौगात॥

जिज्ञासा की रोशनी, चमके उसके नैन।
ज्ञान–सुमन से महकता, कोमल उसका चैन॥

उँगली रखकर स्क्रीन पर, खोजे नई उड़ान।
नन्हा मन विज्ञान से, रचता नव पहचान॥

माँ–बाबा का स्नेह ही, सबसे बड़ा उपहार।
संस्कारों की छाँव में, खिलता उसका प्यार॥

फोन–टैब साधन सभी, इनका रखे विवेक।
खेल, किताबें, मित्र भी, जीवन के आधार अनेक॥

हँसता–गाता बाल मन, निर्मल जैसे धाम।
कल का भारत गढ़ रहा, लेकर शुभ अविराम॥

नन्हे हाथों में छिपा, उजले कल का मान।
सीख, सृजन, संस्कार से, बढ़े देश की शान॥

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विश्व व्यवस्था की दरकती नींव: सत्ता, सूचना और मानवता का संघर्ष


एन0के0शर्मा
लेखक

जब सत्ता, पूँजी और सूचना एक ही मेज पर बैठ जाएँ, तब लोकतंत्र केवल चुनावों का उत्सव नहीं रह जाता–वह धीरे-धीरे एक सुव्यवस्थित भ्रम में बदलने लगता है। इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि किसी भी सभ्यता का पतन अचानक नहीं होता। उसके पहले उसकी चेतना पर हमला होता है, उसकी स्मृति को धुँधला किया जाता है, उसके प्रश्नों को अपराध घोषित किया जाता है और उसके नागरिकों को सुविधाओं के बदले मौन का अभ्यस्त बना दिया जाता है। यही वह बिंदु है जहाँ विकास के चमकदार विज्ञापन, राष्ट्रवाद के ऊँचे नारे, सुरक्षा के नाम पर बढ़ते नियंत्रण और आर्थिक प्रगति के दावों के बीच यह मूल प्रश्न दब जाता है कि क्या मनुष्य अब भी स्वतंत्र है, या केवल नियंत्रित उपभोक्ता बनकर रह गया है।

आज विश्व एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुका है जहाँ युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जाते। अब युद्ध सूचना के माध्यम से लड़े जाते हैं, एल्गोरिदम के माध्यम से लड़े जाते हैं, आर्थिक प्रतिबंधों के माध्यम से लड़े जाते हैं और नागरिकों की चेतना को प्रभावित करके लड़े जाते हैं। यह नया संघर्ष बंदूकों से कम और डेटा, निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय नियंत्रण तथा मनोवैज्ञानिक अभियानों से अधिक संचालित होता है। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र, मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और न्याय जैसे आदर्श केवल संवैधानिक शब्द नहीं रह जाते; वे मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन जाते हैं। दुनिया के अनेक देशों में नागरिकों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि उनकी हर कठिनाई किसी बाहरी शत्रु, किसी विशेष समुदाय, किसी राजनीतिक विरोधी या किसी काल्पनिक षड्यंत्र के कारण है। इस प्रक्रिया में वास्तविक प्रश्न–शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, असमानता, पर्यावरणीय संकट, न्यायिक पहुँच और संस्थागत जवाबदेही–धीरे-धीरे सार्वजनिक विमर्श से गायब होने लगते हैं। जब समाज प्रश्न पूछना छोड़ देता है, तब सत्ता को उत्तर देने की आवश्यकता भी समाप्त हो जाती है।

यही किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पूँजी और राजनीति का गठबंधन भी आज वैश्विक चिंता का विषय है। जब आर्थिक शक्ति सीमित हाथों में सिमटने लगती है, तब बाजार केवल व्यापार का माध्यम नहीं रहता; वह नीतियाँ प्रभावित करने लगता है। उपभोक्ता की पसंद से लेकर चुनावी विमर्श तक, सब कुछ बाजार की रणनीतियों का हिस्सा बन सकता है। नागरिक धीरे-धीरे ग्राहक में बदल जाता है और लोकतंत्र सेवा प्रदाता की तरह प्रस्तुत किया जाने लगता है। इस परिवर्तन का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह है कि अधिकारों की जगह सुविधाएँ ले लेती हैं और संवैधानिक मूल्यों की जगह प्रचार अभियान। सूचना क्रांति ने मानवता को अभूतपूर्व अवसर दिए हैं, लेकिन उसी ने अभूतपूर्व जोखिम भी पैदा किए हैं। झूठ यदि तकनीक का सहारा पा जाए, तो वह सत्य से कहीं अधिक तेजी से फैलता है। अफवाहें समाजों को विभाजित करती हैं, घृणा को वैधता देती हैं और अविश्वास का ऐसा वातावरण निर्मित करती हैं जिसमें तथ्य भी संदेहास्पद प्रतीत होने लगते हैं। जब नागरिक यह तय ही न कर सके कि सत्य क्या है, तब लोकतांत्रिक निर्णय भी भ्रम के आधार पर होने लगते हैं। मानवाधिकारों की रक्षा का प्रश्न भी केवल किसी एक देश का विषय नहीं रहा। कहीं युद्ध के नाम पर नागरिक जीवन नष्ट हो रहा है, कहीं आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई के नाम पर असाधारण शक्तियाँ स्थायी होती जा रही हैं, कहीं राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर निजता का ह्रास हो रहा है और कहीं आर्थिक विकास के नाम पर स्थानीय समुदायों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।




इन सभी परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि राज्य और नागरिक के बीच विश्वास का संबंध बना रहे। बिना विश्वास के शक्ति केवल भय उत्पन्न करती है; सम्मान नहीं। जलवायु परिवर्तन, जल संकट, खाद्य असुरक्षा और विस्थापन जैसी चुनौतियाँ भी मानव सभ्यता को यह स्मरण करा रही हैं कि पृथ्वी किसी एक राष्ट्र की संपत्ति नहीं है। यदि अमीर और गरीब देशों के बीच संसाधनों की असमानता बढ़ती रही, यदि प्राकृतिक संपदा का दोहन अनियंत्रित रहा और यदि पर्यावरणीय न्याय केवल सम्मेलनों तक सीमित रहा, तो आने वाली पीढ़ियाँ वर्तमान नेतृत्व को क्षमा नहीं करेंगी। विकास का अर्थ केवल सकल घरेलू उत्पाद नहीं हो सकता; विकास का वास्तविक अर्थ मानव गरिमा, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक न्याय का समन्वय है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने नई संभावनाएँ खोली हैं, लेकिन यह भी प्रश्न उठाया है कि निर्णय मनुष्य करेगा या मशीन?

यदि एल्गोरिदम ही यह तय करने लगें कि किसे अवसर मिलेगा, किसे ऋण मिलेगा, किसे नौकरी मिलेगी और किसकी आवाज अधिक लोगों तक पहुँचेगी, तो पारदर्शिता और जवाबदेही की माँग पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। तकनीक तभी मानवता की मित्र है जब वह मनुष्य की स्वतंत्रता और गरिमा का सम्मान करे। इतिहास बताता है कि सभ्यताओं का निर्माण तलवार से नहीं, विश्वास से होता है। संस्थाएँ तभी मजबूत होती हैं जब वे आलोचना को शत्रु नहीं, सुधार का अवसर समझें। मीडिया तभी विश्वसनीय बनता है जब वह सत्ता और विपक्ष दोनों से समान दूरी रखकर जनता के हित में प्रश्न पूछे। न्यायपालिका तभी सम्मानित होती है जब न्याय केवल हो ही नहीं, होता हुआ दिखाई भी दे। प्रशासन तभी प्रभावी होता है जब उसका व्यवहार कानून के प्रति निष्ठावान हो, व्यक्तियों के प्रति नहीं। आज आवश्यकता किसी एक विचारधारा की विजय की नहीं, बल्कि सत्य, करुणा, न्याय और उत्तरदायित्व की पुनर्स्थापना की है। विश्व को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो भय नहीं, विश्वास पैदा करे; विभाजन नहीं, संवाद स्थापित करे; प्रचार नहीं, पारदर्शिता को प्राथमिकता दे। यदि शासन की सफलता केवल आँकड़ों से मापी जाएगी और नागरिक की गरिमा को पीछे छोड़ दिया जाएगा, तो विकास का सबसे ऊँचा शिखर भी नैतिक दृष्टि से खोखला सिद्ध होगा।

अंततः किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके हथियारों, गगनचुंबी इमारतों या आर्थिक सूचकांकों में नहीं होती। उसकी शक्ति उसके नागरिकों के विश्वास, उसकी संस्थाओं की निष्पक्षता, उसके न्याय की विश्वसनीयता और उसके नैतिक साहस में निहित होती है। जिस दिन विश्व समुदाय इस मूल सत्य को पुनः स्वीकार करेगा, उसी दिन अंतरराष्ट्रीय राजनीति का केंद्र प्रभुत्व से हटकर मानवता बन सकेगा। और यदि ऐसा नहीं हुआ, तो इतिहास एक बार फिर यह लिखेगा कि मनुष्य ने विज्ञान में असाधारण प्रगति की, परंतु न्याय, संवेदना और विवेक की परीक्षा में स्वयं को पीछे छोड़ दिया।

# क्या हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी साहित्यकारों की अपेक्षाओं पर खरी उतर रही है?


डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

साहित्य किसी राष्ट्र की आत्मा का सबसे निर्मल स्वर है और साहित्यकार उस स्वर के अनथक साधक। वे शब्दों में समय का इतिहास लिखते हैं, संवेदनाओं को संस्कृति का आकार देते हैं और समाज की चेतना को दिशा प्रदान करते हैं। उनकी लेखनी केवल रचना नहीं करती, बल्कि पीढ़ियों के विचारों का संस्कार भी करती है। इसलिए साहित्यकार का सम्मान किसी सरकारी कार्यक्रम की औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक परिपक्वता और संवेदनशीलता का सार्वजनिक उद्घोष होता है।

इसी संदर्भ में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की वर्तमान कार्यप्रणाली अनेक प्रश्नों के घेरे में दिखाई देती है। लंबे समय से प्रतीक्षारत साहित्यकारों को अंततः सम्मानित तो किया गया, किंतु जिस प्रकार यह प्रक्रिया संपन्न हुई, उसने प्रसन्नता से अधिक निराशा को जन्म दिया। अनेक सम्मानित साहित्यकारों से बातचीत के दौरान जो अनुभव सामने आए, वे केवल व्यक्तिगत असंतोष की अभिव्यक्ति नहीं थे, बल्कि उस व्यवस्था की ओर संकेत कर रहे थे जहाँ संवेदना पर औपचारिकता और आत्मीयता पर प्रशासनिक प्रक्रिया भारी पड़ती दिखाई देती है।

सम्मान का मूल्य उसके साथ मिलने वाली राशि से नहीं, बल्कि उसके पीछे निहित आदर से आँका जाता है। एक सम्मान-पत्र केवल कागज का दस्तावेज नहीं होता; वह समाज की ओर से किसी रचनाकार की वर्षों की साधना को दिया गया सार्वजनिक प्रणाम होता है। इसलिए उसके प्रत्येक शब्द, प्रत्येक हस्ताक्षर और प्रत्येक औपचारिकता का अपना सांकेतिक महत्व होता है। सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ सम्मान-पत्रों ने अनेक साहित्यकारों को आश्चर्यचकित किया। उन पर किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर दृष्टिगोचर नहीं हुए। केवल नाम और पदनाम मुद्रित कर देना प्रशासनिक आवश्यकता पूरी कर सकता है, परंतु सम्मान की आत्मीय गरिमा का स्थान नहीं ले सकता।

हस्ताक्षर केवल स्याही की रेखाएँ नहीं होते, वे संस्था की स्वीकृति, उत्तरदायित्व और सम्मान-बोध के जीवंत प्रतीक होते हैं। जब वही अनुपस्थित हों, तो सम्मान की गरिमा कहीं अधूरी-सी प्रतीत होती है। यदि इसके पीछे कोई प्रशासनिक अथवा विधिक कारण रहा हो, तो अकादमी का दायित्व था कि वह साहित्यकारों के समक्ष उसे स्पष्ट करती। संस्थाएँ केवल निर्णयों से नहीं, संवाद से भी विश्वास अर्जित करती हैं। संवाद का अभाव प्रायः अविश्वास को जन्म देता है और अविश्वास किसी भी सांस्कृतिक संस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती होता है। हरियाणा का साहित्यिक समाज आज भी उन अवसरों को स्मरण करता है जब राज्यपाल भवन में गरिमामय वातावरण के बीच साहित्यकारों का सम्मान किया जाता था।



वहाँ पुरस्कार केवल प्रदान नहीं किए जाते थे, बल्कि साहित्य की प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जाता था। मंच पर उपस्थित प्रत्येक साहित्यकार स्वयं को राज्य की सांस्कृतिक चेतना का सम्मानित प्रतिनिधि अनुभव करता था। आज भव्यता से अधिक आत्मीयता का अभाव महसूस होता है और यही पीड़ा साहित्यकारों के मन को उद्वेलित करती है। चिंता केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं है। पिछले चार वर्षों के दौरान अकादमी की साहित्यिक सक्रियता को लेकर भी अनेक प्रश्न उठे हैं।

वर्ष 2023, 2024, 2025 और वर्तमान वर्ष 2026 तक न तो पुरस्कारों एवं सम्मानों की नियमित प्रक्रिया दिखाई दी, न पांडुलिपियों के आमंत्रण की निरंतरता बनी रही, न व्यापक साहित्यिक कार्यशालाएँ आयोजित हुईं, न युवा रचनाकारों के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम सामने आए और न ही प्रदेशव्यापी साहित्यिक संवाद का कोई सशक्त वातावरण निर्मित हो सका। यदि किसी साहित्य अकादमी के प्रांगण में रचनात्मक गतिविधियों का प्रवाह मंद पड़ जाए, तो स्वाभाविक है कि साहित्यिक समाज चिंता व्यक्त करेगा।

साहित्य अकादमी केवल पुरस्कार बाँटने वाली संस्था नहीं होती। उसका वास्तविक स्वरूप एक जीवंत सांस्कृतिक विश्वविद्यालय का होता है, जहाँ विचारों का आदान-प्रदान होता है, नई प्रतिभाएँ दिशा पाती हैं, वरिष्ठ रचनाकारों के अनुभव नई पीढ़ी तक पहुँचते हैं और भाषा-संस्कृति की निरंतर साधना होती है। यदि यह भूमिका सीमित हो जाए, तो संस्था की उपयोगिता स्वयं प्रश्नों के घेरे में आ जाती है।

एक और गंभीर प्रश्न साहित्यकारों की सहभागिता को लेकर भी उठता है। अनेक रचनाकारों का अनुभव है कि अकादमी की निर्णय-प्रक्रिया में सक्रिय साहित्यकारों की भागीदारी अपेक्षित स्तर पर दिखाई नहीं देती। किसी भी साहित्यिक संस्था की आत्मा उसके लेखक, कवि, आलोचक, शोधकर्ता और अनुवादक होते हैं। यदि वही निर्णयों से दूर अनुभव करने लगें, तो संस्था का साहित्यिक चरित्र धीरे-धीरे प्रशासनिक स्वरूप में सिमटने लगता है। यह लेख किसी व्यक्ति विशेष के विरोध में नहीं, बल्कि व्यवस्था के आत्ममंथन का विनम्र आग्रह है।

लोकतांत्रिक संस्थाओं की शक्ति आलोचना को स्वीकार करने और उससे सीखने में निहित होती है। यदि साहित्यकार प्रश्न उठा रहे हैं, तो उन्हें असहमति नहीं, बल्कि सुधार के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। आवश्यक है कि अकादमी पुरस्कारों एवं सम्मानों की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाए, सम्मान समारोहों की गरिमा पुनर्स्थापित करे, साहित्यकारों के साथ नियमित संवाद स्थापित करे और पूरे वर्ष की साहित्यिक गतिविधियों का सुविचारित कैलेंडर सार्वजनिक करे। प्रत्येक जिले में साहित्यिक कार्यशालाएँ, पुस्तक चर्चाएँ, युवा लेखक सम्मेलन, लोक-साहित्य महोत्सव, शोधपरक संगोष्ठियाँ और विद्यालय-महाविद्यालय स्तर पर साहित्यिक अभियान आयोजित किए जाएँ।

यही किसी सशक्त साहित्य अकादमी की पहचान होती है। साहित्यकार सम्मान का याचक नहीं होता। वह केवल अपने श्रम, अपनी साधना और अपनी सृजनशीलता के प्रति सम्मानजनक व्यवहार की अपेक्षा करता है। उसका सबसे बड़ा पुरस्कार समाज का विश्वास और उसका सबसे बड़ा सम्मान उसकी गरिमा है। यदि वही आहत होने लगे, तो यह किसी एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं, बल्कि समूचे साहित्यिक समाज की वेदना बन जाती है।

हरियाणा की साहित्यिक परंपरा अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली रही है। इस भूमि ने ऐसे अनेक साहित्यकार दिए हैं जिनकी लेखनी ने राष्ट्रीय साहित्य को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। ऐसी गौरवशाली परंपरा की साहित्यिक संस्था से अपेक्षा भी उसी स्तर की स्वाभाविक है। आवश्यकता है कि अकादमी प्रशासनिक औपचारिकताओं से ऊपर उठकर साहित्य की आत्मा को समझे, साहित्यकारों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे और स्वयं को केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना के सशक्त केंद्र के रूप में स्थापित करे।

आज आवश्यकता किसी विवाद को जन्म देने की नहीं, बल्कि विश्वास को पुनर्जीवित करने की है। सम्मान केवल प्रदान नहीं किया जाता, उसे अनुभव भी कराया जाता है। जब तक साहित्यकार स्वयं को सम्मानित अनुभव नहीं करेगा, तब तक सबसे भव्य आयोजन भी भीतर से रिक्त प्रतीत होंगे। आशा है कि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी इन प्रश्नों को सकारात्मक दृष्टि से स्वीकार करेगी और आत्ममंथन के माध्यम से ऐसी कार्यसंस्कृति विकसित करेगी जिसमें साहित्यकार का स्वाभिमान, साहित्य की गरिमा और संस्कृति का सम्मान सर्वोच्च स्थान प्राप्त करे। क्योंकि अंततः किसी भी समाज का भविष्य उसकी आर्थिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना से निर्धारित होता है–और उस चेतना का सबसे उज्ज्वल दीप साहित्य ही है।

# जंगल के शिक्षामंत्री गिरगिट कांटावाला के खिलाफ कॉकरोच कचवटिया ने मोर्चा खोला


वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

रंग बदलने वाले और सरीसृप, दोनों समूहों के राजनीतिक समीकरण साधने के कारण राजा सिंह ने गिरगिट कांटावाला को शिक्षामंत्री बनाया था, लेकिन गिरगिट के खिलाफ बारबार पेपर लीक की शिकायतें उठती रही थीं।

'मुझे यह जंगल स्वीकार नहीं करता। मेरे साथ भेदभाव हो रहा है।' मेंढक का जोरदार थप्पड़ खाने के बाद कॉकरोच कचवटिया दुखी हो गया। रोते-रोते उसने आगे कहा, 'मेरे आंदोलन को विफल बनाने के लिए जंगल में चारों तरफ से कोशिशें की जा रही हैं। हमारे तिलचट्टा समाज को गलत जानकारी देकर आंदोलन में संख्या बल न जुटे, ऐसा षड्यंत्र रचा गया। हम सब पर कीटनाशक स्प्रे करने की योजना बनाई गई। इसके बावजूद मैंने बिना थके जंगल के अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन जारी रखे, तो मुझे ही निशाना बनाया गया। राजा सिंह का समर्थक मेंढक आज मुझे थप्पड़ मार गया, कल सुबह तो तेज स्प्रे छिड़ककर मेरी हत्या ही कर देगा। मैं क्या करूं? कुछ समझ में नहीं आता।'

असल में कॉकरोच कचवटिया जब से पूरे तिलचट्टा समाज का राजनीतिक महत्व साबित करने के लिए मैदान में उतरा था, तभी से वह राजा सिंह के समर्थकों की नजर में चढ़ गया था। वह छोटी-बड़ी सभाएं करके 'कॉकरोच एकता जिंदाबाद' के नारे लगाता था। ऐसी ही एक सभा में राजा सिंह के समर्थक और उस संस्कारी पाठशाला के छात्र मेंढक ने, जिसमें स्वयं राजा सिंह ने भी शिक्षा प्राप्त की थी, कॉकरोच कचवटिया को ऐसा जोरदार थप्पड़ मारा कि वह चकरा गया।

'तुम्हें धैर्य से काम लेना होगा।' कॉकरोच पार्टी के उपाध्यक्ष कॉकरोच कखारी ने फिर उसका हौसला बढ़ाना शुरू किया। कॉकरोच कखारी पिछले कई दिनों से कॉकरोच कचवटिया के लिए एक मोटिवेशनल स्पीकर जैसा बन गया था। जब-जब ऐसी घटनाएं होतीं, तब-तब उसके भीतर का प्रेरक वक्ता बाहर आ जाता और वह हिम्मत बंधाने लगता।

कॉकरोच कखारी वर्षों तक गोदाम में रहा था। गोदाम की अनेक वार्षिक सफाइयों से वह सुरक्षित बच निकलता था। अपने जीवन के अनुभवों से उसने बहुत कुछ सीखा-समझा था।

हिम्मत हार चुके युवा नेता कॉकरोच कचवटिया को उसने सलाह दी, 'हमारे समाज के विरोध प्रदर्शनों की शैली, समाज में गहराई तक बैठा डर और उसकी आलस्यपूर्ण प्रवृत्ति को देखते हुए केवल तिलचट्टा समाज की राजनीति करने से सफलता नहीं मिलेगी। हमारी मूल समस्या यह है कि हम आज का काम हो जाए तो कल की चिंता नहीं करते। इसी तरह हमारा समाज करोड़ों वर्ष निकाल चुका है। स्प्रे, केमिकल और चॉक से डरकर तिलचट्टे भाग खड़े होते हैं। हमें तिलचट्टों के अलावा दूसरे तरीकों से भी आंदोलन करना चाहिए।'

'कैसे? दूसरे समाज हमारा समर्थन थोड़े ही करेंगे?' कॉकरोच कचवटिया ने उदास होकर आंखें सिकोड़ते हुए पूछा।

'मुद्दा मजबूत होगा तो समर्थन मिल जाएगा।' कॉकरोच कखारी के सिर पर मौजूद दोनों एंटेना हिलने लगे। उत्साह में हर तिलचट्टा ऐसा ही करता था।

'क्या आपके ध्यान में ऐसा कोई मुद्दा है?' कॉकरोच कचवटिया की आंखों में थोड़ी चमक आई। उसने तुरंत जोड़ा, 'तो हम उसी दिशा में नई रणनीति बनाएं।'

'एक मुद्दा तो है। राजा सिंह के दरबार का एक मंत्री पूरी तरह निष्क्रिय है। उसकी ज्यादा चर्चा भी नहीं होती। वह खबरों में भी नहीं रहता। केवल दिखावे के लिए काम करता है। अगर उसके खिलाफ मोर्चा खोलें, तो दूसरे समाज और पूरे जंगल की युवा पीढ़ी हमारे आंदोलन का समर्थन करेगी।' कॉकरोच कखारी एक ही सांस में बोल गया।

'बहुत बढ़िया... कौन है वह मंत्री?' कॉकरोच कचवटिया के सिर पर दोनों एंटेना उत्साह से तन गए।

'रंग बदलने वाले और सरीसृप, दोनों समूहों के समीकरण साधने के लिए राजा सिंह ने गिरगिट कांटावाला को शिक्षामंत्री बनाया है। गिरगिट कांटावाला की कहानी यह है कि उसे बेर और बबूल जैसे कांटेदार वृक्षों में रहना पसंद था। राजनीति में आने से पहले उसने कांटेदार वृक्षों के संरक्षण का काम किया। उन वृक्षों में रहने वाले जीवों के बीच उसने राजा सिंह का प्रचार किया और सरीसृपों में भी वर्षों तक राजा सिंह की लोकप्रियता बढ़ाने का काम किया। इसी कारण सिंह ने उसे पुरस्कार स्वरूप मंत्रालय दिया है।' कॉकरोच कखारी ने जंगल के शिक्षामंत्री गिरगिट कांटावाला का विस्तार से परिचय दिया। उसके राजनीतिक ज्ञान से कॉकरोच कचवटिया प्रभावित हो गया।

'समझ गया, जब मैं विदेशी जंगल में वन-संपर्क का अध्ययन कर रहा था, तब भी शिक्षामंत्री के विरोध की खबरें सुनने को मिलती थीं। अभी कौन-सा मुद्दा बनाया जा सकता है?' कॉकरोच कचवटिया ने कॉकरोच कखारी से पूछा और साथ ही मोबाइल में जंगल की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विवाद खोजने लगा।

'पेपर लीक के घोटाले बारबार होते रहते हैं। तुम्हें याद होगा कि पहले छात्र नेता प्रीत कबूतर ने पेपर लीक के खिलाफ पूरे जंगल में विरोध प्रदर्शन किए थे, लेकिन उस समय जंगल की सरकार ने चतुराई से पूरा आंदोलन कुचल दिया था। उसके बाद तो पेपर लीक की असंख्य घटनाएं हुई हैं। अभी हाल में भी एक पेपर लीक हुआ है, इसलिए जंगल के सभी समाजों के विद्यार्थी नाराज हैं। यदि तुम इस मुद्दे को उठाओगे, तो काम बन जाएगा।' कॉकरोच कखारी ने उत्साहपूर्वक सुझाव दिया।

'वाह... शानदार।' कॉकरोच कचवटिया की आंखों में चमक आ गई। उसने तुरंत फैसला किया, 'मैं अभी वीडियो संदेश के जरिए आंदोलन की घोषणा करता हूं।'

मोबाइल में एक छोटी-सी स्क्रिप्ट लिखकर कॉकरोच कचवटिया ने वीडियो बनाया। उसमें उसने घोषणा की, 'जंगल के पेपर लीक घोटाले की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए गिरगिट कांटावाला इस्तीफा दे, अन्यथा मैं पूरे जंगल में आंदोलन छेड़ दूंगा।'

# नवनियुक्त भाजपा प्रदेश मंत्री का पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी के आवास पर हुआ सम्मान समारोह

## प्रदेश मंत्री ने कार्यकताओं से 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का किया आह्वान

नितिन शर्मा



**धनौरा(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी का नगर आगमन पर भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। लखनऊ में आयोजित भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की परिचय बैठक से लौटते समय वह पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी के आवास पर रुकीं, जहां उनके सम्मान में एक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकताओं ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा फूल-मालाओं से स्वागत किया।

पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी व उनकी पत्नी डोली सैनी ने प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी को शॉल ओढ़ाकर व बुके भेंट कर सम्मानित किया। कार्यकताओं ने प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

इस दौरान प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां समर्पित कार्यकताओं को उनकी मेहनत और निष्ठा के आधार पर जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया जाएगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में अभी से जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करे। भाजपा की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिला है। दीपमाला संतोषी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवाओं को रोजगार के अवसर, सड़क, रेल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण भारत आज वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि दीपमाला संतोषी को प्रदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया जाना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कार्यकताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा कार्यकताओं के सम्मान और उनकी मेहनत को महत्व देने वाली पार्टी रही है। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई तथा कार्यकताओं से जनसमस्याओं के समाधान एवं सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने पैतृक गांव सुंदर के लिए रवाना हो गईं। इस अवसर पर डोली सैनी, शारदा सैनी, अनीता रानी, दिनेश सैनी, विनीत शर्मा, सौरभ चौधरी, ओमप्रकाश सैनी, ललित सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## महिला पर जानलेवा हमला करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने ग्राम सिखेड़ा निवासी महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में नामजद एवं वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, थाना पिलखुवा में दर्ज मु0अ0सं0 308/2026 (धारा 333, 352, 351(3), 109(1) बीएनएस) के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम सिखेड़ा से आरोपी सुहैल पुत्र मुसर्रफ निवासी ग्राम सिखेड़ा, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया गया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान, उपनिरीक्षक वरिष्ठ सिंह, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, हेड कांस्टेबल रणवीर राणा तथा कांस्टेबल अजय कुमार शामिल रहे।

## गढ़मुक्तेश्वर में समाजवादी लोकसंवाद कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब, 1000 से अधिक कार्यकताओं का सम्मान

राजेंद्र सिंह





**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर(वेलकम इंडिया)।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में समाजवादी लोकसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 1000 से अधिक कार्यकताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सक्रिय कार्यकताओं और नेताओं का सम्मान किया गया। आयोजकों के अनुसार सम्मानित लोगों में करीब 500 महिलाएं भी शामिल रहीं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला सभा) श्रीमती जूही सिंह शामिल हुईं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जनपद हापुड़ के प्रभारी प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव ने शिरकत की।

कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से टिकट के प्रबल दावेदार आशुतोष शर्मा द्वारा किया गया। अपने संबोधन में जूही सिंह ने कार्यकताओं से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश प्रत्येक घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर प्रत्येक महिला को प्रतिवर्ष 40 हजार रुपये दिए जाने का वादा किया गया है। प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में विकास के अनेक कार्य हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने विकास के बजाय लोगों को धर्म और जाति के मुद्दों में उलझा दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक आशुतोष शर्मा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों से लगातार संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व का आदेश होगा तो वह आगामी विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगे। इस अवसर पर आकांक्षा शर्मा, अंकित भड़ाना, नरेंद्र सिंह, विक्रम गुर्जर, विंदर कश्यप, रिजवान चौधरी, हेमंत जाटव, मनोज त्यागी, विनय यादव, इकराम नूर, राजेश देवी, रविंद्र गुर्जर, विजेंद्र शर्मा, बबली तंवर, बबीता कश्यप, राधा जाटव, जूली रानी, ऊषा देवी, सिस्टर रेशी, अंजना कुमारी सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## जनपद हापुड़ में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 692 बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद हापुड़ में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला अधिकारी कविता मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर कुमार आहूजा के नेतृत्व में किया गया। अभियान के तहत जिले के 692 पोलियो बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा की खुराक पिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर कुमार आहूजा ने बताया कि जनपद में कुल 2,74,600 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं और सभी बूथों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि बूथ दिवस के बाद सोमवार से 530 पोलियो टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके।

अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनपद का कोई भी पात्र बच्चा पोलियोरोधी दवा से वंचित न रहे। जिलाधिकारी कविता मीना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर कुमार आहूजा ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में अपना सहयोग दें।

## बहादुरगढ़ बिजलीघर पर किसानों का धरना, संविदाकर्मी पर रिश्वत लेने का आरोप



राजेंद्र सिंह

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर(वेलकम इंडिया)।** तहसील गढ़मुक्तेश्वर स्थित बहादुरगढ़ बिजलीघर पर किसानों ने कथित भ्रष्टाचार के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता चेतराम सिंह ने की, जबकि संचालन ब्लॉक अध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर राजू ठाकुर ने किया।धरने के दौरान किसानों ने बिजली विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याएं उठाईं। एक किसान ने आरोप लगाया कि संविदाकर्मी टीकम सिंह ने बिजली मीटर लगाने के बदले 2,500 रिश्वत ली। प्रदर्शन के दौरान संबंधित ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पंचायत में सुनाई गई। प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी (एसएचओ) बहादुरगढ़ तथा विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) ने ऑडियो सुनने के बाद मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, इसके बाद संविदाकर्मी टीकम सिंह को तत्काल बहादुरगढ़ बिजलीघर से हटा दिया गया।जिला अध्यक्ष जीते चौहान ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी बढ़ रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में संबंधित संविदाकर्मी के खिलाफ फिर शिकायत मिली तो संगठन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेगा। साथ ही उन्होंने मांग की कि उक्त कर्मी की तैनाती बहादुरगढ़ बिजलीघर से कम से कम 20 किलोमीटर दूर की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कई बिजलीघरों पर कर्मचारी लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने विभाग से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर शामिल हुए। इस दौरान सब्बू चौधरी (पूर्व मंडल उपाध्यक्ष), तहसील अध्यक्ष नवदीप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुनील चौहान, जिला उपाध्यक्ष संसार सिंह, बादल चौहान, प्रदीप चौहान, उमेश प्रजापत, सूरज विश्वकर्मा, आमिर खान, फैजल खान, निशु विश्वकर्मा, परम खड़क, बंशी, बिट्टू प्रधान, अनुज चौहान, खालिद कुरैशी, यामीन खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**नोटः समाचार में लगाए गए आरोप प्रदर्शनकारियों के दावों पर आधारित हैं। संबंधित पक्ष का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रकाशित किया जा सकता है।**

## डीएम ने मनगढ़ धाम का किया निरीक्षण, अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा



विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कुंडा तहसील स्थित मनगढ़ धाम का भ्रमण कर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं दर्शन पूजन भी किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने मनगढ़ धाम परिसर में संचालित अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकीय संसाधनों तथा मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

## पैगंबर-ए-इस्लाम पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में AIMM ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन, एफआईआर की मांग

राजेंद्र सिंह



**बरेली(वेलकम इंडिया)।** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस पार्टी (अक्टट) ने नाजिया इलाही खान द्वारा पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद की शान में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बरेली को ज्ञापन सौंपकर मामले में एफआईआर दर्ज करने और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की मांग की है।पार्टी की ओर से प्रदेश संगठन मंत्री मुख्तार अहमद के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि किसी भी धर्म के पूजनीय व्यक्तित्वों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी सामाजिक सौहार्द और शांति व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। इसलिए प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट वसी अहमद ने कहा कि भारत सभी धर्मों और आस्थाओं का सम्मान करने वाला देश है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग किसी भी धर्म या धार्मिक व्यक्तित्व की भावनाओं को आहत करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उनके अनुसार प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुरूप कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।प्रदेश संगठन मंत्री मुख्तार अहमद ने आरोप लगाया कि संबंधित टिप्पणी से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट वसी अहमद, प्रदेश संगठन मंत्री मुख्तार अहमद, जिला अध्यक्ष अतीक करम इदरीसी, विधानसभा फरीदपुर प्रत्याशी दीपेश भारती, मंडल प्रवक्ता एवं जिला महासचिव एडवोकेट अकील उद्दीन सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आपरेशन प्रहार - प्रतापगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही स्मयक के साथ दो गिरफ्तार



विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** जनपद प्रतापगढ़ में पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में 'ऑपरेशन प्रहार' के अन्तर्गत मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुए 101.39 ग्राम स्मैक के साथ 02 अभियुक्तों, रतन केशरवानी, दीपांशु सिंह को सैयाबाध रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## यूपी कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम का हापुड़ कांग्रेस ने किया सम्मान, शॉल ओढ़ाकर दी बधाई

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम का रविवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर हापुड़ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सम्मान किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर नई जिम्मेदारी की बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने से प्रदेश के कांग्रेस कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का यह निर्णय प्रदेश संगठन को मजबूती प्रदान करेगा।पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी पंडित अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के इस निर्णय से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को लाभ मिलने की उम्मीद है। वहीं शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि सही समय पर लिया गया यह फैसला उत्तर प्रदेश कांग्रेस को नई दिशा देने का कार्य करेगा। इस दौरान पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, गढ़मुक्तेश्वर नगर अध्यक्ष मुकेश कौशिक, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मानवी सिंह, एससी-एसटी प्रदेश सचिव रश्मि चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लाल बहादुर, जिला महासचिव एवं मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, अफजाल आढ़ती, विनोद जाटव, मोहम्मद नफीस, सुधीर शर्मा, मनोज कौशिक, अमित अग्रवाल, जस्सा सिंह, महबूब अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हापुड़ नगर पुलिस का सराहनीय खुलासाः चाय विक्रेता से चैन लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार, लूटी गई चैन व चोरी की बाइक बरामद

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चाय विक्रेता से चैन लूट की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से लूटी गई पीली धातु की चैन तथा चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 349/2026, धारा 304(2) बीएनएस में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को आनंद विहार बिजलीघर के पास से गिरफ्तार किया। बरामद अपाचे मोटरसाइकिल (नंबर DL7SBU6290) वर्ष 2020 में थाना मयूर विहार ईस्ट, दिल्ली में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित पाई गई। क्षेत्राधिकारी ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने 26 जून 2026 को रेलवे पार्क के पास एक चाय विक्रेता से चैन छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना का सफल अनावरण कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जावेद अहमद पुत्र नवाब अली, निवासी पीरबाऊद्दीन, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। बरामदगीःएक पीली धातु की चैन एक चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल (नंबर DL7SBU6290 )पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना हापुड़ नगर प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान एवं उनकी टीम की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। घटना का शीघ्र खुलासा कर लूटी गई चैन और चोरी की बाइक बरामद करना पुलिस की सक्रिय कार्यशैली का परिचायक माना जा रहा है।

# सौंदर्य और व्यक्तित्व निखारने की नई पहचान बनीं सैलून की निदेशक साधना पाण्डेय, प्रयागराज में मॉनसून यूनिसेक्स सैलून बना उत्कृष्ट सेवाओं का भरोसेमंद केंद्र

## सुंदरता, विश्वास और उत्कृष्टता की मिसाल बनीं सैलून की निदेशक साधना पाण्डेय, प्रयागराज में मॉनसून यूनिसेक्स सैलून ने बनाई अपनी अलग पहचान

सनी कुमार केशरवानी






**प्रयागराज(वेलकम इंडिया)।** सिविल लाइंस स्थित मॉनसून यूनिसेक्स सैलून आज सौंदर्य, व्यक्तित्व संवर्धन और आधुनिक सौंदर्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। सैलून की निदेशक साधना पाण्डेय अपने समर्पण, मेहनत, दूरदर्शी सोच और उत्कृष्ट सेवाओं के बल पर लगातार ग्राहकों का विश्वास जीत रही हैं।

साधना पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में मॉनसून यूनिसेक्स सैलून ने गुणवत्ता, स्वच्छता और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सौंदर्य सेवाओं को एक नया आयाम दिया है। यह सैलून केवल सौंदर्य निखारने का केंद्र नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को संवारने का एक भरोसेमंद संस्थान बन चुका है।

यहाँ महिलाओं एवं पुरुषों के लिए केश सज्जा, केश उपचार, त्वचा देखभाल, सौंदर्य उपचार, वधू श्रृंगार, केश रंगाई, नाखून सौंदर्य सेवाएँ तथा अन्य आधुनिक सौंदर्य सुविधाएँ प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत सावधानी और गुणवत्ता के साथ प्रदान की जाती हैं। प्रत्येक ग्राहक की आवश्यकता और पसंद को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं।

सैलून की सबसे बड़ी विशेषता उत्कृष्ट गुणवत्ता, स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण, आधुनिक उपकरणों का उपयोग तथा ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति पूर्ण समर्पण है।

यही कारण है कि प्रयागराज ही नहीं, आसपास के जनपदों से भी बड़ी संख्या में लोग मॉनसून यूनिसेक्स सैलून की सेवाओं का लाभ लेने पहुँच रहे हैं। सैलून की निदेशक साधना पाण्डेय का मानना है कि 'सच्चा सौंदर्य केवल चेहरे की चमक में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व की गरिमा में होता है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक ग्राहक यहाँ से संतुष्टि, खुशी और नए आत्मविश्वास के साथ लौटे।' अपने उत्कृष्ट कार्य, उच्च गुणवत्ता की सेवाओं और ग्राहकों के प्रति समर्पण के कारण मॉनसून यूनिसेक्स सैलून आज प्रयागराज में सौंदर्य और ग्रूमिंग के क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित नाम बन चुका है तथा निरंतर सफलता की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है।

# मुख्यमंत्री ने कराटे खिलाड़ी क्रियांश कौशिक को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज 11 वर्षीय प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी क्रियांश कौशिक को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। क्रियांश आगामी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चीन जा रहे हैं। इतनी कम उम्र में उनकी यह उपलब्धि पूरे उत्तराखण्ड के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने क्रियांश को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि क्रियांश चीन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे तथा खेल जगत में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

# मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 135वें संस्करण को सुना

वेलकम इंडिया संवाददाता



**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रुड़की में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 135वें संस्करण को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश के विभिन्न भागों में जनसहयोग से हो रहे प्रेरणादायी कार्यों, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन, नवाचार, युवाओं की सहभागिता तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा करते हुए नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश 'सबका प्रयास' की भावना को और अधिक सशक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में जनकल्याण, सुशासन, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, युवा सशक्तिकरण, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन तथा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इस दौरान राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी, परिवहन मंत्री श्री प्रदीप बत्रा, अध्यक्ष जिला पंचायत किरण चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा मधु सिंह, मेयर नगर निगम रुड़की अनीता अग्रवाल, दायित्वधारी श्री देशराज कर्णवाल, श्री श्यामवीर सैनी, श्री आदेश सैनी, श्री शोभाराम प्रजापति, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री राकेश गिरी, डीएम हरिद्वार श्री मयूर दीक्षित, एसएसपी श्री नवनीत सिंह भुल्लर सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'युवा शक्ति संवाद' कार्यक्रम : सरकार युवाओं को प्रदेश के विकास का सबसे सशक्त आधार मानती है




वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** रुड़की में 'युवा शक्ति संवाद' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवा साथियों, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स एवं कंटेंट क्रिएटर्स के साथ संवाद कर राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका, नवाचार, डिजिटल माध्यमों की सकारात्मक शक्ति पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर युवाओं के विचारों, सुझावों और अनुभवों को सुना और उत्तराखंड के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उन्हें सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को प्रदेश के विकास का सबसे सशक्त आधार मानते हुए उन्हें शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार, खेल एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# हापुड़ में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ,692 बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में जिला अधिकारी श्रीमती कविता मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर कुमार आहूजा के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 692 पोलियो बूथों का सफल आयोजन किया गया। अभियान के दौरान शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा की खुराक पिलाई गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर कुमार आहूजा ने बताया कि जनपद में कुल 2,74,600 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ योगेश गुप्ता ने बताया कि बूथ दिवस के उपरांत सोमवार से 530 पोलियो टीमें घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके हैं।

इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनपद का कोई भी पात्र बच्चा पोलियोरोधी दवा से वंचित न रहे।जिला अधिकारी महोदया श्रीमती कविता मीना एवम् मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ किशोर कुमार आहूजा ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं तथा पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में सहयोग प्रदान करें।

# अयोध्या मे रामलला मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी अवमुक्तेश्वरानंद एवं अन्य पदाधिकारी पीडीए समाज से बनाने की विश्वकर्मा समाज ने उठाई मांग

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** अयोध्या मे दान दाताओ एवं चंदा चोरी की घटना को लेकर विश्वकर्मा समाज ने आस्था के साथ हो रहे खिलवाड़ पर रोष व्यक्त किया है। विश्वकर्मा समाज के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा 'विश्वकर्मा' ने कहा कि अयोध्या रामलला मंदिर ट्रस्ट को रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए अधिकारी एवं राजनितिक दल के लोगो को ट्रस्ट से दुर रखा जाए उन्होने कहा कि एक लाबी सर्वग्य राम मिश्र को सीईओ बनाने में जुट गई है। अगर ऐसा हुआ तो और बुरी स्थिति हो जाएगी उनके बनने से ब्यूरोक्रेट्स का इस मंदिर पर कब्जा हो जाएगा और आगामी दिनो मे चोरी की घटना को रोक पाना और कठिन होगा। रामलला मंदिर से संबंधित ट्रस्ट के अध्यक्ष से लेकर अंतिम सबसे सबसे छोटे से छोटे सदस्य तक को बाहर का रास्ता दिखाना की मांग उठाते हुए कहा कि इसमें एक भी सरकार के अधीन व्यक्ति को न रखकर मंदिर के ट्रस्ट की पारदशीर्ता को कायम रखने के लिए अध्यक्ष,शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, महामंत्री ओबीसी समाज से और कोषाध्यक्ष दलित समाज से होना चाहिए। इसमें ईमानदार तीन ऐसे भी पत्रकार होना चाहिए जिनका योगदान धर्म और संत समागम संत के रूप में करने के साथ उसकी पत्रकारिता निष्पक्ष रूप से रही हो।

# लखनऊ अग्निकांड के मासूम बच्चों को प्रयागराज में भावपूर्ण श्रद्धांजलि, अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण संस्था ने निकाला कैंडल मार्च

वेलकम इंडिया संवाददाता




**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के तत्वावधान में लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड में असमय काल-कवलित हुए मासूम बच्चों की पावन स्मृति में रविवार को एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित पत्थर गिरजाघर से प्रारंभ होकर सुभाष चौराहा तक निकाला गया, जहां उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मासूम बच्चों की इस दर्दनाक मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे दुःखद समय में समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह शोकाकुल परिवारों के साथ संवेदनाओं के साथ खड़ा रहे और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करे।

इस दौरान सराफा व्यापार मंडल, प्रयागराज के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि 'मासूम बच्चों की असमय मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक है। इस दुःख की घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। समाज को भी ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा और जागरूकता के प्रति गंभीर होना होगा।'

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मधु श्रीवास्तव, मीनाक्षी शुक्ला, संध्या राय, उषा साहू, नितिन यादव, वर्षा गुप्ता, धरती मुखर्जी, स्वामी दास, श्रुति माथुर, अर्चना गुप्ता, आचार्य नंद गिरी, कौशल्या मां, संगीता भारद्वाज, चेतन सिंह, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मधुसूदन निषाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन दिवंगत बच्चों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाकर तथा मानवता, शांति और सुरक्षा का संदेश देने के साथ किया गया।

# चंद्रोदय मंदिर में भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ पानीहाटी दही-चिउड़ा महोत्सव



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/वृंदावन।** स्वामी भक्ति वेदांत मार्ग स्थित वृंदावन चंद्रोदय मंदिर में पानीहाटी दही-चिउड़ा महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव में भगवान श्री राधा-वृंदावन चंद्र का विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग, पालकी उत्सव एवं आमों से निर्मित आकर्षक विशेष कुंज श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। संध्या बेला में नित्यानंद प्रभु एवं गौरांग महाप्रभु का भव्य नौका विहार आयोजित किया गया। हरिनाम संकीर्तन, पुष्पवर्षा और दीपों की झिलमिलाहट के बीच भक्त भावविभोर दिखाई दिए। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को दही-चिउड़ा प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर अध्यक्ष चंचलापति दास ने कहा कि यह महोत्सव प्रेम, सेवा और भक्ति का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने के साथ समाज में सद्भाव और संस्कारों को भी मजबूत करते हैं। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने उत्सव में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

# पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कमस्यार घाटी क्षेत्र का किया भृमण

## क्षेत्रीय लोगों से उनकी समस्याएं सुनकर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

पीएल वर्मा



**कांडा(वेलकम इंडिया)।** कपकोट के पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कांडा क्षेत्र के कमस्यार क्षेत्र का भृमण कर स्थानीय लोगों से संवाद कर उनका हालचाल जाना। पूर्व विधायक फर्स्वाण ने क्षेत्र के विकास हेतु अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यो और स्वीकृत की गई योजनाओं के विकास कार्य होने की बात कहते हुए लोगों से क्षेत्रीय विकास के मुद्दे पर आमजन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग देने की बात कही।

ग्राम पंचायत दिगोली प्रतिनिधि कुन्दन बोरा और पूर्व प्रधान फकीर सिंह व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केवलानंद पाण्डे सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकताओं के साथ क्षेत्र भृमण किया। भ्रमण के दौरान दिगोली ग्राम पंचायत भवन जर्जर हालत पर दिखने पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने गहरी आपत्ति जताई।

उन्होंने डिजिटल युग में पंचायत भवन का निर्माण न होने और पुराने पंचायत भवन की मरम्मत हेतु बजट नही दिए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए भवन की जर्जर हालत से कभी भी कोई अप्रिय घटना होने की आशंका जताई। और शासन प्रशासन से जल्द पंचायत भवन का पुनर्निर्माण कराने की मांग की।

वही ग्रामीणों ने भी अपने गांव की समस्याएं पूर्व विधायक को बताई।वही पूर्व विधायक ने जर्जर पंचायत भवन की हालत सुधारने हेतु शीघ्र बजट जारी नही करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।भ्रमण के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष केवलानंद पाण्डे, सोहन सिंह भण्डारी पूर्व प्रधान, राजेन्द्र खाती पूर्व प्रधान, राजेन्द्र राठौर पूर्व प्रधान, कुन्दन सिंह बोरा दिगोली प्रधान प्रतिनिधि, फकीर सिंह, गणेश कुमार प्रधान देवलविसराल, बसन्त जोशी, धाम सिंह गढ़िया, कुन्दन गोस्वामी, जगदीश बोरा, सन्तोष बोरा , गोकुल बोरा आदि मौजूद थे।

# सेवा पखवाड़े में भारत विकास परिषद 'काशी प्रांत' का ऐतिहासिक महा रक्तदान एवं प्लैटिनेट महादान अभियान

संतोष कुमार सिंह







**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** सेवा,संस्कार,समर्पण एवं संगठन के चार आधार स्तंभों को चरितार्थ करते हुए भारत विकास परिषद 'काशी प्रांत' ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को 10 जनपदों की 31 शाखाओं के माध्यम से एक साथ महा स्वैच्छिक रक्तदान एवं प्लेटलेट महादान अभियान का सफल आयोजन किया। इस ऐतिहासिक अभियान में 201 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान कर परिषद के कार्यकताओं,मातृशक्ति,युवाओं एवं समाजसेवियों ने मानवता के प्रति अपनी सेवा-प्रतिबद्धता का अनुकरणीय परिचय दिया। यह अभियान परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती एवं 10 जुलाई स्थापना दिवस के मध्य आयोजित 'सेवा पखवाड़े' के अंतर्गत सम्पन्न हुआ। समर्पित रक्तदाताओं ने इस पुनीत सेवा के माध्यम से संस्थापक के आदर्शों को साकार करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। वाराणसी में रक्तदान शिविर का आयोजन आईएमए भवन लहुराबीर एवं होमी भाभा कैंसर संस्थान,लहरतारा में किया गया जबकि काशी प्रांत की अन्य शाखाओं ने अपने -अपने जनपदों के विभिन्न ब्लड बैंकों के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित कर अभियान को व्यापक स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर शहर दक्षिणी विधानसभा के विधायक नीलकंठ तिवारी ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित यह महा रक्तदान अभियान मानवता की निस्वार्थ सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। रक्तदान से श्रेष्ठ कोई दान नहीं क्योंकि यह किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करता है ऐसे सेवा कार्य समाज में सहयोग,संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। प्रांतीय अध्यक्ष हरविंदर वालिया (हरीश) ने कहा कि भारत विकास परिषद स्थापना काल से ही सेवा,संस्कार,समर्पण एवं संगठन के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाजहित में निरंतर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि 'रक्तदान महादान है क्योंकि यह जीवन बचाने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है'। काशी प्रांत की सभी 31 शाखाओं ने जिस समर्पण, अनुशासन और संगठनात्मक शक्ति का परिचय दिया है वह परिषद की गौरवशाली सेवा परंपरा का जीवंत प्रमाण है। आईएमए अध्यक्ष डॉ.अनुराग टंडन ने परिषद के इस महाअभियान की सराहना करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान ही सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने का सबसे प्रभावी माध्यम है। परिषद का यह प्रयास असंख्य जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। प्रांतीय गतिविधि संयोजक (सेवा) विशाल कपूर ने सभी रक्तदाताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक रक्तदाता किसी अनदेखे और अपरिचित व्यक्ति के जीवन में आशा,विश्वास और नवजीवन का संचार करता है। उन्होंने सभी चिकित्सकों,सहयोगी संस्थाओं , शाखाओं एवं कार्यकताओं का अभियान को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया। प्रांतीय महासचिव डॉ.सचिन अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद का प्रत्येक सेवा प्रकल्प समाज के प्रति संगठन की उत्तरदायित्व भावना का सशक्त प्रतीक है। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 31 शाखाओं द्वारा एक साथ आयोजित यह महा रक्तदान अभियान परिषद की संगठनात्मक क्षमता,सेवा-संकल्प एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का अनुपम उदाहरण है उन्होंने कहा कि 201 यूनिट रक्तदान केवल एक आंकड़ा नहीं,बल्कि सैकड़ों परिवारों के जीवन की रक्षा का संकल्प है।

# शिक्षक निर्वाचन के सभी सीटों पर प्रत्याशी उतरेगा माध्यमिक शिक्षक संघः चेत नारायण सिंह

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया संवाददाता



**लखनऊ/संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक शिक्षक सदन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी ने किया। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षक निर्वाचन के सभी सीटों पर चुनाव दमदारी से लड़ेगा। शिक्षक निर्वाचन का चुनाव लड़ने के लिए बूथ कमेटियों का गठन जुलाई माह तक पूरा कर लिया जाय। प्रत्याशियों का चयन पार्लियामेंट बोर्ड की बैठक में तय कर लिया जायेगा। पूर्व एमएलसी लवकुश मिश्रा को प्रदेश चुनाव प्रभारी व रमाशंकर उर्फ मुन्ना मिश्रा को सह प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश के 18 मण्डलों व 75 जिलों में संगठन की वस्तुस्थिति से अवगत होने के लिए समीक्षा की। निष्क्रिय इकाईयों को सक्रिय करने के लिए प्रांतीय पदाधिकारियों को जिलों में पर्वेक्षक बनाकर भेजा जायेगा। प्रत्येक बूथ पर टीम का गठन किया जायेगा। प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

प्रदेश संरक्षक/एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि सभी जिलाध्यक्ष सदस्यता अभियान पर विशेष ध्यान दें। शिक्षक निर्वाचन की दृष्टि से हमें गंभीरता से तैयारी करन। होंगी। बैठक में गोरखपुर-अयोध्या शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से ज्योतिष पाण्डेय को चुनाव प्रभारी व गुलाब चंद्र मौर्या को सह प्रभारी बनाया गया है। वाराणसी क्षेत्र से संत सेवक सिंह को चुनाव प्रभारी व राम विलास यादव को सह प्रभारी बनाया गया है। लखनऊ क्षेत्र से डा. सुरेश तिवारी को चुनाव प्रभारी व राम मोहन सिंह को सह प्रभारी बनाया गया है। 19 जुलाई को राज्य परिषद की बैठक लखनऊ में और क्षेत्रीय पार्लियामेंट बोर्ड की बैठक 19 व 20 जुलाई को लखनऊ में आयोजित होंगी।

प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने केसलेस चिकित्सा, अवकाश के दिनों में काम लेने पर अर्जित अवकाश देने, एनपीएस से जीपीएफ में आये शिक्षकों का रुपया एनएसडीएल से जीपीएफ एकाउन्ट में वापस ना भेजनें का मुद्दा उठाया।

बैठक कों एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल, पूर्व एमएलसी लवकुश मिश्रा, महेश चंद्र शर्मा, डा. सुरेश तिवारी, संजय द्विवेदी, रजनीश चौहान, जगदीश चंद्र व्यास, नरसिंह यादव, अजय सिंह, सुधाकर सिंह, विमलेन्द्र शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, शैलेश सिंह, डा. राकेश सिंह, संजय तिवारी, सुलेखा जैन, प्रभात सिंह, राजित राम मावी, स्वराज पाल दुहणु, रामानंद द्विवेदी, विनोद, सतेन्द्र शुक्ला, श्री नारायण द्विवेदी, धीरेन्द्र सिंह, गुलाब चंद्र मौर्या, डा. श्रवण कुमार तिवारी, महिपाल, कुलदीप, राम मोहन सिंह, कमलेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, CHC सेमरियावां में बच्चों को पिलाई गई जीवनरक्षक पोलियो की खुराक





वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ चिकित्साधिकारी डॉ. जावेद अख्तर अंसारी ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। अभियान के शुभारंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों से अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। इस अवसर पर आईओ कौसर खान सहित विभिन्न स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह अभियान 3 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। सेमरियावां क्षेत्र में कुल 117 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। बूथों के अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर भी छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। इस दौरान डॉ.जावेद अख्तर अंसारी ने कहा कि 'पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए हर बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाना बेहद जरूरी है। सभी अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को यह खुराक अवश्य दिलाएं। हमारी कोशिश है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा इस अभियान से छूटने न पाए।' आईओ कौसर खान ने कहा कि 'सेमरियावां क्षेत्र में 117 बूथ बनाए गए हैं। बूथ दिवस के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि शत-प्रतिशत बच्चों तक पोलियो की खुराक पहुंचे और अभियान पूरी तरह सफल हो। इस दौरान समस्त स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# प्रमुख चौराहों पर जलजमाव से राहगीर परेशान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जलजमाव की हालत बनी हुई है। जो कि राहगीरो सहित क्षेत्रवासियों की परेशानी का कारण बना हुआ है। बीएमसीटी बस्ती- मेहदावल मार्ग पर स्थित बाघनगर, उसराशहीद, सेमरियावा, दुधारा, लोहरौली बाजार, खटियावा, पिपराबोरिंग आदि चौराहो पर जलनिकासी के लिए नाला निर्माण कार्य नहीं होने जलजमाव बना हुआ है।

जो कि राहगीरो सहित क्षेत्रवासियों की परेशानी का कारण बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। ग्रामीण मुनीर अहमद, अफजाल अहमद, सैयद शफीकुर्रहमान, तनसीव अहमद रोमी, अतीक सिद्दीकी, मैनुद्दीन, मिस्बाहुदीन, एजाज अहमद अंसारी, अली अहमद, मोहम्मद आजम, अहमद जमाल अंसारी, गुड्डू विश्वकर्मा, डा. मुहम्मद खालिद, मौलाना मोहम्मद यूसुफ, फिरोज अहमद, प्रवेश कुमार पाण्डेय आदि ने प्रशासन से प्रमुख चौराहों पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराये जाने की मांग किये हैं।

# गंगेरू हिंसक संघर्ष में पुलिस की कार्रवाई सात आरोपियों का चालान

## 42 नामजद समेत कई अज्ञात के खिलाफ बलवा, जानलेवा हमला व सीएलए एक्ट में मुकदमा दर्ज

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 42 नामजद एवं कई अज्ञात के खिलाफ बलवा, जानलेवा हमला, मारपीट, शांति भंग करने और सीएलए एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में विगत शनिवार को सदात पट्टी में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों तथा धारदार हथियारों से हमला कर दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ओर से लोग एक-दूसरे पर हमला करते रहे। ग्रामीणों में सूचना पुलिस को दी मौके पर पुलिस बल पहुंचा और झगड़ा कर लोगों पर हल्का बल प्रयोग कर मामला शांत कराया।पुलिस के अनुसार घटना का वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला करते दिखाई दिए। मौके से पुलिस ने 10 लाठी-डंडे, 35 ईंटों के टुकड़े तथा संघर्ष के दौरान छूटी चप्पलों को कब्जे में लेकर साक्ष्य के रूप में सील कर दिया।पुलिस ने मौके से इस्तकार पुत्र इस्ताक उर्फ छाको, अकबर पुत्र इरशाद, साहिल अब्बास पुत्र मोहम्मद अली, रजी हैदर पुत्र इतरत हुसैन, इनाम पुत्र औसाब, समीर पुत्र नजर मोहम्मद तथा अजादार हुसैन पुत्र अब्बास हुसैन को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। और पुलिस ने मुकदमे में प्रथम पक्ष से इस्तकार पुत्र इस्ताक उर्फ छाको, राजा, नजरू, उरुज, अरशद, बोबी, मिशम, सोनू, नजर, जफर, अली, चांद, इस्तकार पुत्र मुशियाय, जान (नामालूम), मुराद, आलम, पप्पू, आसिफ, अकबर, साहिल अब्बास, दिलावर हुसैन और नवाजिश को नामजद किया गया है।दूसरे पक्ष से रजी हैदर, सूजा, तकी, इनाम, शाह अब्बास, किल्ला, सरकार, हुसैन, सम्मो, अय्या, राहिल, अफसर अली, समीर, अजादार हुसैन, फिरोज अब्बास, मोहम्मद रजब अली, अमीर मोहम्मद, फरहत हुसैन तथा तासीन को नामजद किया गया है। इसके अलावा दोनों पक्षों के कई अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कई लोगों का चालान किया फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा।

# डीएम द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का किया गया शुभारंभ

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा जिला अस्पताल के टउल्ह विंग में स्थापित पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया सहित संबंधित चिकित्सक एवं प्रतिरक्षण चिकित्साधिकारी आदि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने 0-5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत लक्षित बच्चों को डोर-टू-डोर पहुंचकर पोलियो की ड्राप पिलाई जाए, कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बाताया गया कि जनपद संत कबीर नगर में 0-5 वर्ष के कुल लक्षित बच्चे 311141 बच्चों को शत-प्रतिशत पोलियो पिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिस हेतु नगरीय क्षेत्र खलीलाबाद में 27 बूथ सहित कुल 09 विकास खण्डों में 858 बूथ बनाकर लक्षित बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित किया जायेगा। इसी क्रम में 489 हाउस-टू-हाउस टीमों के साथ-साथ 28 ट्रांजिट एवं 13 मोबाइल टीमें लगायी गयी हैं जो दिनांक 29 जून, 2026 से 03 जुलाई, 2026 तक घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित करेंगी।

# पत्रकारों का संगठित होना बेहद जरुरी-इंद्रजीत शुक्ल

## इंडियन जर्नलिस्ट एसोशिएसन की बैठक संपन्न



मुहम्मद परवेज अख्तर

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** मेंहदावल डाक बंगले पर रविवार को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाण्डेय तथा संचालन जिला महामंत्री विकास कुमार अग्रहरी ने किया ।इस दौरान संगठन की मजबूती और पत्रकारों के हितों की रक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव गिरिराज सिंह उपस्थित रहे ।उनके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत शुक्ल व प्रदेश सचिव केडी सिद्दीकी सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बेचन यादव ने शिरकत किया ।अतिथियों ने संगठन की आगामी रूपरेखा पर अपने विचार साझा किए ।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह व इंद्रजीत शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों का संगठित होना बेहद जरुरी है ।इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने और पत्रकारों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। के.डी. सिद्दीकी तथा बेचन यादव ने कहा की संगठन का बैठक हर महीने होनी चाहिए जिससे सदस्यों को बल मिलता है तथा एक दूसरे से लोगो का परिचय बढता है। इसके अलावा किसी भी प्रकार की समस्याओं का समाधान करने में सहायता मिलती है। संगठन ही वह ताकत है जिसके बल पर कोई भी कार्य आसानी से किया जा सकता है ।बैठक में सभी को आईकार्ड वितरित करके सम्मानित किया गया ।इस दौरान तहसील अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा,विष्णु स्वरुप,मोहम्मद अनस,कमलेश यादव,गोविन्द बल्लभ पांडेय,धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा,प्रेम कुमार,धर्मेन्द्र कुमार वासुदेव यादव,प्रेम कुमार, गोरखनाथ राय समेत दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# नम आंखों से दी गई स्व. नरेश सैनी को श्रद्धांजलि,रस्म तेहरवीं में उमड़ा जनसैलाब



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर के कद्दावर एवं जनप्रिय नेता स्वर्गीय नरेश सैनी की रस्म तेहरवीं रविवार को उनके पैतृक आवास पर अत्यंत गमगीन माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। रविवार को स्वर्गीय नरेश सैनी के आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई लोगों ने स्व. नरेश सैनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में वक्ताओं ने उनके समाज सेवा के कार्यों को याद करते हुए कहा कि स्व. सैनी का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने जीवनभर गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के हितों के लिए संघर्ष किया तथा अपने सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण सभी वर्गों में विशेष सम्मान प्राप्त किया।रस्म तेहरवीं में स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दराज से पहुंचे उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी परिवार को ढांढस बंधाने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। वहीं, शोकाकुल परिवार ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# थाना पंचायत दिवस पर पहुचा डुमरिया मठ के भूमि का मामला

## एसडीएम तमकुहीराज ने कहा कि रिपोर्ट तलब की गयी है



धन दयाल पाण्डेय

**कुशीनगर(वेलकम इंडिया)।** जिले के तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के ग्राम डुमरिया मठ के आवश्यकता से अधिक भूमि पर बने कब्रिस्तान एवं पूरा तत्व बिभाग से जांच के मामले में आज तरयासुजान थाने पर लगे समाधान दिवस में एसडीएम तमकुहीराज ने कहा कि इस मामले में रिपोर्ट मांगा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही तत्काल की जाएगी। जानकारी के अनुसार तरयासुजान थाने के ग्राम डुमरिया मठ में काफी दिनों से मठ के भूमि पर अवैध कब्जा का आरोप लगाते हुए महंथ एवं वादी रूद्रानंद गिरी ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरा तत्व विभाग से जांच करायी जाए जिससे मठ के दबे हुए अवशेष भगवान की मूर्ति वगैरह अन्य साक्ष्य उपलब्ध हो उस हिसाब से कार्यवाही की जाए। साथ ही जब 48 डिसमिल भूमि ही कब्रिस्तान के नाम अंकित है तो करीब 100 डिसमिल कब्जा क्यों किया गया। मठ की भूमि को सुरक्षित किया जाए। आज इस मामले में थाना तरयासुजान में दिवस प्रभारी एसडीएम तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा ने कहा कि इस पूरे मामले में रिपोर्ट तलब की गयी है। रिपोर्ट आतें ही कार्यवाही की जाएगी।

# पेड़ से लटका मिला युवती का शव, हत्या या आत्म हत्या,जांच में जुटी पुलिस

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** बेलहर नगर पंचायत में रविवार सुबह एक युवती का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही बेलहर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान बेलहर नगर पंचायत निवासी 18 वर्षीय चांदनी पुत्री स्वर्गीय आमिका के रूप में हुई है। सुबह झाड़ियों के बीच पेड़ से शव लटका होने की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। बेलहर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

मृतका की मां किस्मती देवी ने बताया कि उनके परिवार में दो बेटियां और तीन बेटे हैं। बड़े दोनों बेटे काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। शनिवार रात सभी ने भोजन करने के बाद सो गए थे। देर रात जब उनकी नींद खुली, तो चांदनी अपनी चारपाई पर नहीं थी। उन्होंने सोचा कि वह शौच के लिए बाहर गई होगी।

हालांकि, सुबह उन्हें चांदनी का शव पेड़ से लटका मिलने की सूचना मिली। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थिति में शव पेड़ से लटका मिला है, वह संदिग्ध प्रतीत होता है।

पुलिस ने अभी तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है और मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह हत्या है या आत्महत्या। सीओ सर्वदवन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार मामले को गंभीरता से देखते हुए बेलहर पुलिस जांच पड़ताल कर रही जल्द इसका खुलासा किया जायेगा मौके पर शान्त व्यवस्था कायम है।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, नौनिहालों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की खुराक

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** रविवार से शुरू हुए राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 के तहत ब्लॉक क्षेत्र में अभियान का शुभारंभ किया गया। प्राथमिक विद्यालय नंबर-1, गंगेरू में स्थापित पोलियो बूथ का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी वेद प्रकाश एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।खंड विकास अधिकारी वेद प्रकाश ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वह अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम के दौरान एआरओ मनीष, कार्यक्रम प्रबंधक तौहीद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ, निष्पक्षता बनाए रखें : घनश्याम पाठक

## पत्रकारिता के दायित्व और बदलते परिदृश्य पर पत्रकार भवन में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

संदीप तिवारी




**वाराणसी मिजार्मुराद (वेलकम इंडिया)।** पत्रकार प्रेस क्लब इकाई जौनपुर द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय स्थित पत्रकार भवन, कचहरी मुख्यालय परिसर में पत्रकारिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक दैनिक समाचार पत्र के कार्यकारी संपादक एवं पत्रकार प्रेस क्लब के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक रहे। संगोष्ठी में जिले के अनेक पत्रकारों ने भाग लेकर पत्रकारिता से जुड़े समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।

मुख्य अतिथि घनश्याम पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का संकलन और प्रसारण भर नहीं है, बल्कि यह समाज को सही दिशा देने का एक महत्वपूर्ण दायित्व है। पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है, जिसकी निष्पक्षता, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व पर जनता का विश्वास टिका होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण सूचना का प्रवाह अत्यंत तेज हो गया है। ऐसे में पत्रकारों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वे तथ्यों की सत्यता की जांच कर ही समाचार प्रकाशित या प्रसारित करें।

अपुष्ट और भ्रामक खबरें समाज में भ्रम और अविश्वास का वातावरण पैदा करती हैं, जिससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। पत्रकारिता विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज भूषण मिश्रा ने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज के वंचित, शोषित और आम नागरिक की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुँचाना तथा जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना है।

पत्रकार प्रेस क्लब जौनपुर इकाई के जिला अध्यक्ष कृपा शंकर यादव ने पत्रकारिता के समक्ष आने वाली चुनौतियों, बदलते तकनीकी परिवेश और पत्रकारों के अधिकारों एवं सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

संगोष्ठी में उपस्थित सभी पत्रकार प्रेस क्लब के पत्रकारों ने पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने तथा संगठन की एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह संगोष्ठी पत्रकारों के लिए अनुभवों के आदान-प्रदान, विचार-मंथन और पत्रकारिता के मूल्यों को पुनः स्मरण कराने का एक सार्थक मंच सिद्ध हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एक दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक रामजी जायसवाल तथा संचालन वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल हक अंसारी ने किया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से पंकज भूषण मिश्रा, रामजी जायसवाल, कृपा शंकर यादव, अजीत सिंह, दीपक श्रीवास्तव, उमेश मिश्रा, गुलजार अली, पवन गुप्ता, कमलेश यादव, आलोक सिंह, संजय चौरसिया, विनोद विश्वकर्मा, सुधीर उपाध्याय, बृजनंदन स्वरूप, राजेश पाल, सुभाष पाल, राजकुमार बेंनवंशी, लालचंद्र निषाद, अरविंद कुमार यादव, अरविंद कुमार पटेल, डॉ विजय बहादुर यादव, अनुपम कुमार मौर्य, जहीर खान, पृथ्वी राजकुमार, गोविंद कुमार, प्रवीण कुमार, विनीत कुमार, राम सहाय, सर्वेश कुमार, संजय यादव, शेखर चौहान, रामाज्ञा यादव, अजीत बादल, नीरज सिंह, अंकित श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत पाल सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

# बढ़ते कदम संस्था द्वारा स्ट्रीट चाइल्ड एवं वंचित बच्चों को दिलाई नहीं पहचान




**मुरादाबाद (वेलकम इंडिया)।** बढ़ते कदम संस्था द्वारा किड्स वर्ल्ड प्ले स्कूल में एक भव्य नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट चाइल्ड एवं वंचित बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराना तथा उनके भीतर आत्मविश्वास का विकास करना था। प्रतियोगिता का संचालन संस्था की अध्यक्ष सृष्टि अधिकारी ने कियो प्रतियोगिता में लगभग 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया। ग्रुप अ – जूनियर उस्ताद में संध्या ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय तथा अनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रुप इ सीनियर सितारे में अनामिका प्रथम, अनन्या द्वितीय एवं मिष्टी सक्सेना तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। प्रतियोगिता का जजमेंट नीलू सिन्हा, गीतिका जोशी और सुप्रीत सिंह द्वारा किया गयो कार्यक्रम में गीतांजलि पांडे, राघव, धवल दीक्षित, रमेश कुमार आर्य, रवि यदुवंशी कमल गोला, नेपाल सिंह, प्रिंस चौहान, आदर्श भटनागर, अमर सक्सेना, नक्षत्र चौहान के साथ बढते कदम संस्था की टीम से राकेश सैनी, केशव, ऋषि, अंजना, चारू, नैतिक, रश्मी, जतिन अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बरामद किया नवविवाहिता का लहूलुहान शव

## पति व घरवाले घर से मिले फरार


मृतका गीता


मृतका की मां प्रेमवती देवी


मृतका का माई चंद्रकांत

वेलकम इंडिया संवाददाता


घटनास्थल ग्राम हाजीपुर पर मौजूद पुलिस बल

**स्याना/बुलंदशहर।** स्याना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम हाजीपुर स्थित मकान से पुलिस ने नवविवाहिता का रक्त रंजित शव बरामद कर शव का पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि डॉयल 112 के माध्यम से थाना स्याना पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हाजीपुर में पति के द्वारा पत्नी की हत्या कर दी गई है। सूचना पर तत्काल स्याना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मौके पर पहुंचने पर यह जानकारी हुई कि पति मोनू पुत्र खेमचन्द ने अपनी पत्नी गीता की आपसी विवाद में गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। बताया गया कि दोनों के बीच आपसी विवाद था तथा दोनों की शादी को करीब 7 माह ही हुए थे। मृतका के शव का पंचायतनामा भर शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। फील्ड यूनिट भी घटनास्थल पर पहुंची तथा स्याना के पुलिस क्षेत्राधिकारी रामकरन सिंह स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। ग्रामीणों के मध्य चर्चा के मुताबिक कि मोनू व गीता में शुक्रवार को किसी बात को लेकर काफी विवाद हुआ था। मृतका गीता के भाई चंद्रकांत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि घटना की सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ घनसूरपुर से यहां हाजीपुर पहुंचे। बताया कि मोनू गीता के साथ मारपीट करता था तथा वह शराबी किस्म का व्यक्ति है। चंद्रकांत ने कहा कि जिस प्रकार उसकी बहन की गला काटकर हत्या की गई है, इसी प्रकार हत्यारे को भी सजा मिलनी चाहिए। मृतका की माता प्रेमवती देवी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गीता को सभी ने खींच-खींचकर मारा तथा आरी से गला काटकर हत्या कर दी गई। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से जरुरी साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। पुलिस घटना की गहराई में जाने के लिए गीता के मायके वालों से आवश्यक जानकारी जुटाने की कवायद कर रही है। सीओ आर के सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा सभी आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मुफ्ती कुदरतउल्लाह रिजवी के 14वां उर्स का आयोजन 3 जुलाई को

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** मुमताजुल फुकहा, हुज्जतुल इलम अल्लामा अलहाज शाह मुफ्ती मोहम्मद कुदरतउल्लाह रिजवी (पूर्व शेखुल हदीस, दारुल उलूम तनवीरुल इस्लाम, अमरडोभा) का 14वां सालाना उर्स 3 जुलाई (शुक्रवार) को जामिया अरबिया मदीनतुल उलूम, परसिया के प्रांगण में बड़े ही अकीदत और शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। उर्स की तमाम रसूमात और कार्यक्रम साहब-ए-सज्जादा अल्लामा कारी मोहम्मद फजलुल हक नूरी की सरपरस्ती (देखरेख) में संपन्न होंगे। मुफ्ती कुदरतउल्लाह रिजवी का जन्म 25 शाबान 1366 हिजरी (15 जुलाई 1947) को सिद्धार्थनगर जिले के परसिया गांव में हुआ था। आप शेखुल उलेमा अल्लामा गुलाम जिलानी आजमी और सुल्तानुल वाइजीन अल्लामा अब्दुल मुस्तफा आजमी के खास शिष्यों (तल्मीज) में से थे। साथ ही, आप सरकार मुफ्ती-ए-आजम हिंद के मुरीद और हुजूर ताजुल शरिया के चहेते खलीफा थे। आप एक महान शेखुल हदीस, सद्रुल मुदर्रिसिन, मुफ्ती-ए-इस्लाम, बेमिसाल लेखक और बेहतरीन वक्ता थे। आपने लगभग 50 वर्षों तक देश के विभिन्न प्रतिष्ठित मदरसों में हजारों विद्यार्थियों को ज्ञान की रोशनी से रोशन किया। आपकी प्रसिद्ध किताबों में 'फतावा हुज्जतुल इलम' 'जवाहरुल कुरान फी उलूमिल कुरान' 'कश्फुल नूर अन असहाबिल कुबूर' और 'फकीहों के इमाम' शामिल हैं। आपका विसाल (निधन) 3 दिसंबर 2012 को हुआ था और मजार शरीफ मदरसा अरबिया मदीनतुल उलूम, परसिया के अहाते में स्थित है। सुबह (फज्र की नमाज के बाद): उर्स का आगाज कुरान ख्वानी (कुरान पाठ) से होगा। शाम (असर की नमाज के बाद): मदीना जामा मस्जिद से पारंपरिक रास्तों से होता हुआ 'चादर का जुलूस' निकाला जाएगा, जो मजार शरीफ पर पहुंचकर संपन्न होगा। इसके बाद फातिहा ख्वानी और दुआ होगी। (इशा की नमाज के बाद): 'हुज्जतुल इलम कॉन्फ्रेंस' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के मशहूर उलेमा-ए-किराम और मशायख शिरकत करेंगे और अपने रूहानी बयानात से नवाजेंगे। शायर हजरत नातिया कलाम पेश करेंगे। रात 01:45 बजे: की रस्म और साहब-ए-सज्जादा की विशेष दुआ के साथ उर्स का समापन होगा। सज्जादा नशीन अल्लामा कारी मोहम्मद फजलुल हक नूरी ने अहले सुन्नत (अकीदतमंदों) से अपील की है कि वे उर्स के इस पाक मौके पर भारी संख्या में शिरकत कर मुफ्ती साहब के फैज और उलेमा के बयानात से अपने दिलों को रोशन करें। जो लोग किन्हीं कारणों से शामिल न हो सकें, वे अपने घरों पर ही ईसाले-सवाब (दुआ) का एहतमाम करें।

# जिलाध्यक्ष ने बूथ संख्या 277 एवं कैंप कार्यालय पर सुने मन की बात



संदीप तिवारी




**मिजार्मुराद (वेलकम इंडिया)।** सेवापुरी विधानसभा के जंसा मंडल के शक्ति केंद्र मेंहदीगंज के बूथ संख्या 277 एवं कैंप कार्यालय पर वाराणसी भाजपा जिलाध्यक्ष राम शकल पटेल ने रविवार को भाजपा कार्यकताओं एवं सम्मानित नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 135वें मन की बात को सामूहिक श्रवण से सुने।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी रक्षा निर्माण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, खेल, पर्यावरण संरक्षण, योग तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत जैसे अनेक प्रेरणादायक विषयों पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने आईएनएस दुनागिरि, आईएनएस संशोधक एवं आईएनएस अग्रय के स्वदेशी निर्माण, उ-295 विमान की पहली सफल उड़ान, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक सफलता, हरगिला आर्मी, नागालैंड वुमेन फुटसल लीग, नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान तथा आगामी गणेश उत्सव में स्वदेशी मिट्टी से बनी गणपति प्रतिमा स्थापित करने का आह्वान करते हुए 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को और मजबूत बनाने का संदेश दिया।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, सेवापुरी मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार बिन्द, मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुनील वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक सीताराम पाल, बूथ अध्यक्ष गणेश प्रजापति, जगदीश जायसवाल, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', ओम प्रकाश पटेल, शिवधनी पटेल, रमेश विश्वकर्मा, गोलू यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खेत में लटकते बिजली के तारों ने ली किशोर की जान, एसडीओ-जेई समेत तीन पर FIR दर्ज

**जहांगीराबाद (वेलकम इंडिया)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जुगसाना कला में बिजली विभाग की घोर लापरवाही से एक 16 वर्षीय किशोर की जान चली गई। खेत में पिता के साथ काम कर रहे किशोर की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने विद्युत विभाग के एसडीओ, जेई और ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक के पिता जयवीर सिंह के अनुसार, बीते 26 जून की सुबह वे अपने 16 वर्षीय पुत्र टिंकल के साथ खेत में काम कर रहे थे। खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के तार काफी समय से जर्जर अवस्था में नीचे लटक रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में विद्युत विभाग को कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन विभाग ने सुध नहीं ली। साथ ही आरोप है कि खेत के पास से ट्रंच मशीन लगी गुजर रहे एक ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया। इस दौरान ट्रैक्टर की टक्कर से नीचे लटक रहे बिजली के तार टूट गए और तार टूटकर खेत के किनारे पानी से भरी नाली में गिर गए। नाली के पानी में करंट फैल गया और किशोर उसकी चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे किशोर को परिजन तुरंत जिला अस्पताल बुलंदशहर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को नामजद किया है। एफआईआर में राम आशीष यादव (एसडीओ), प्रवीन (जेई), संजय (ट्रैक्टर चालक, निवासी पूठा) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मृतक किशोर के पिता ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि यदि विभाग ने समय रहते जर्जर तारों को दुरुस्त कर दिया होता, तो आज उनका पुत्र जीवित होता। बार-बार शिकायत के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा बरती गई यह लापरवाही अब जांच का विषय बन गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में लगी गोली

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी इरफान को पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी इरफान ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जिसके जवाब में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, बीती 22 जून को कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र की अमरगढ़ चौकी इलाके में एक नाबालिग किशोरी को चाकू के बल पर बंधक बनाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी इरफान पुत्र नफीस खां, निवासी ग्राम अमरगढ़, को हिरासत में लिया था।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू अमरगढ़ से गांव मंगलपुर जाने वाले रास्ते के जंगल में छिपा रखा है। 27 जून को पुलिस टीम आरोपी को लेकर बरामदगी के लिए मौके पर पहुंची।

जंगल में पहुँचते ही आरोपी ने मौका पाकर पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश की और पहले से छिपाकर रखे लोडेड तमंचे से पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी इरफान के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लेकर इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया।

पुलिस ने इरफान के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू, एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी इरफान पर पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है और अब इस घटना के बाद उस पर थाना जहांगीराबाद में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त को अस्पताल से छुट्टी मिलते ही आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया







वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा की शर्मा मार्कीट परिसर में आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल स्याना के तत्वावधान में निशुल्क जांच शिविर में करीब 756 रोगियों की जांच की गई और निशुल्क दवा दी गई। शिविर का थाना प्रभारी निरीक्षक अहार नीरज कुमार शर्मा ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। शिविर में डाक्टर पराग शर्मा, डाक्टर नकुल शर्मा और डाक्टर गीता चौधरी ने करीब सुबह दस बजे से विभिन्न प्रकार के रोगियों की जांच की और दवा वितरित की गई दोपहर बाद करीब चार बजे शिविर का समाधान हुआ। इस निशुल्क शिविर में दरावर बनवारीपुर खनौदा मौहरसा औरंगाबाद ताहार पुर, रजापुर आदि गांवों के रोगियों ने आकर लाभ उठाया।

# अमरगढ़ में भीषण सड़क हादसा, कार-बाइक की टक्कर में दो की मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता




**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के अमरगढ़ में शनिवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। चामुंडा मंदिर के समीप कार और बाइक की आमने-सामने हुई जबरदस्त टक्कर में बाइक सवार दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया और मृतकों के परिवारों में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार, देवेंद्र पुत्र गंगाशरण उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी प्याना कलां, अमरगढ़ गांव में एक फास्ट फूड कॉर्नर संचालित करता था। शनिवार की रात काम निपटाने के बाद वह अपने साथी पप्पू पुत्र चंद्रपाल उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी प्याना कलां के साथ बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था।

जैसे ही वे अमरगढ़ स्थित चामुंडा मंदिर के पास पहुँचे, सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जहांगीराबाद ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और घटना की जानकारी ली।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और पुलिस दुर्घटना के कारणों की बारीकी से जांच कर रही है।

वहीं एक साथ दो लोगों की मौत की खबर से प्याना कलां गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही परिजनों को हादसे की सूचना मिली, वे सीएचसी पहुँचे। अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। हादसे ने दो परिवारों से उनके कमाने वाले सदस्य छीन लिए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुख का वातावरण है।

# समर कैंप के समापन पर 125 बच्चों के लिए विशेष शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण का आयोजन

## सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने निभाया अपना वादा, बच्चों को दिया अविस्मरणीय उपहार

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एहसास महिला समिति द्वारा आयोजित 17 दिवसीय समर कैंप के समापन अवसर पर समर कैंप में भाग लेने वाले 125 बच्चों के लिए एक विशेष शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस पूरे भ्रमण का आयोजन एवं प्रायोजन लोकसभा सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व जब लोकसभा सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान निष्काम भवन में चल रहे 17 दिवसीय समर कैंप का अवलोकन करने पहुंचे थे, तब वे बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं उत्साह से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने वहीं घोषणा की थी कि वे इन बच्चों के लिए एक विशेष भ्रमण का आयोजन कराएंगे। उन्होंने अपने वचन को निभाते हुए इस संपूर्ण भ्रमण की व्यवस्था कर बच्चों के प्रति अपने स्नेह एवं संवेदनशीलता का परिचय दिया। इस अवसर पर बच्चो के बीच हवा हवाई प्वाईंट पंहुचे सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान का निष्काम सेवक जत्था समिति के मुख्य संरक्षक सरदार चानन लाल ढींगरा एवं अध्यक्ष सरदार जसमीत सिंह ने स्मृति-चिन्ह (मोमेंटो) एवं सम्मान स्वरूप पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।



इसके पूर्व बच्चों के भ्रमण दल को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मोदीनगर श्री भास्कर वर्मा, नगर पंचायत निवाड़ी के अध्यक्ष श्री अनिल त्यागी, सभासद श्री मोनू धामा तथा निष्काम सेवक जत्था समिति के अध्यक्ष सरदार जसमीत सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर निष्काम भवन से रवाना किया।

भ्रमण के दौरान बच्चों को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे स्थित हवा-हवाई रेस्टोरेंट ले जाया गया, जहाँ उनके लिए खेल-कूद, मनोरंजन, समूह गतिविधियाँ एवं विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने गेम्स खेले, डांस किया एवं एयरप्लेन को नजदीक से देखने और उसमें बैठनें का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया तथा पूरे दिन उत्साह और आनंद के साथ समय बिताया। लोकसभा सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान की ओर से बच्चों के लिए आवागमन, खेल-कूद, मनोरंजन, लंच, डिनर एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ अत्यंत उत्कृष्ट स्तर पर कराई गईं। इन व्यवस्थाओं ने बच्चों के इस भ्रमण को और भी यादगार बना दिया। बच्चों के चेहरे पर खुशी, उत्साह और आत्मविश्वास साफ दिखाई दे रहा था। बच्चों की सुरक्षा एवं बेहतर व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 125 बच्चों को 10-10 बच्चों के अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह की जिम्मेदारी समर कैंप की एक शिक्षिका को सौंपी गई। सभी शिक्षिकाओं ने पूरे भ्रमण के दौरान अपने-अपने समूह के बच्चों की सुरक्षा, देखरेख, मार्गदर्शन एवं अनुशासन की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाई, जिससे पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से बनाया हुआ सुंदर स्केच एवं चित्र भेंट कर सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान के प्रति अपना आभार एवं स्नेह व्यक्त किया। संस्था की संस्थापिका अनुप्रीत कौर ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नए अनुभव, आत्मविश्वास और जीवन की सकारात्मक सीख देना था। कार्यक्रम में एहसास महिला समिति की संस्थापक अनुप्रीत कौर, अध्यक्ष गुरमीत गुप्ता, समस्त वरिष्ठ पदाधिकारीगण तथा समर कैंप की समस्त शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।

## मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 13 बीसीए के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीसीए विभाग के 13 छात्र-छात्राओं का चयन क्यूस्पाइडर्स कंपनी में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को कंपनी की ओर से 5.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्रदान किया । सभी चयनित छात्र-छात्राएं बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हैं। कंपनी ने इन विद्यार्थियों का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपर एवं सॉफ्टवेयर टेस्टिंग पदों के लिए किया है। चयन प्रक्रिया को तीन चरणों में संपन्न किया गया, जिसमें ऑनलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन तथा पर्सनल इंटरव्यू शामिल रहे। सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 13 विद्यार्थियों ने अंतिम चयन सूची में स्थान बनाया। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल ने कहा कि मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक एवं कौशल-आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। यही कारण है कि छात्र अपनी पढ़ाई के दौरान ही इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार हो रहे हैं और कोर्स पूर्ण होते ही प्रतिष्ठित कंपनियों में उनका चयन सुनिश्चित हो रहा है। संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा ने बधाई दी।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई व शुभकामनाएं



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक/पूर्व चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित सुदेश शर्मा ने नोएडा सेक्टर 33 पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एवं पूर्व विधायक नवाब सिंह नागर से भेट कर उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने पर अपनी ओर से बधाई रूपी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख विपिन कुमार चौधरी की जन चौपाल में ग्रामीणों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** ग्राम खंजरपुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख विपिन कुमार चौधरी द्वारा एक विशाल जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के बुजुर्गों, किसानों, युवाओं एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र के विकास, शिक्षा, किसानों की समस्याओं, युवाओं के रोजगार तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



पूर्व ब्लॉक प्रमुख विपिन कुमार चौधरी ने कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल चुनाव तक सीमित नहीं होता, बल्कि हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़ा रहना उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजपाल सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्य जनसहयोग से ही आगे बढ़ते हैं। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारे, एकता और निरंतर जनसेवा के महत्व पर बल देते हुए सभी से क्षेत्र के विकास में सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में उमेद पाल सिंह, लोकेन्द्र सिंह, योगी, पूर्व प्रधान राजकुमार, प्रधान सुबोध, सुन्दरपाल नेताजी, हरिराज चेयरमैन, मनोज, सुशील, अनिल कुमार, अजीत सिंह सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जन चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही तथा सभी ने क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

## सम्पत्ति से बेदखल बेटे ने पिता के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** सम्पत्ति से बेदखल के चलते क्षुब्ध बेटे ने अपनी पत्नी संग पिता पर गाली गलौच करते हुए उसे लात घूंसों से मारा पीटा। इतना ही नही घर में रखा सामान तोडफोड डाला। पुलिस ने पीडित पिता की दी तहरीर पर पुत्र व पुत्रवधू को नामजद किया हैं। देवनगर निवासी अशोक कुमार का अपने बेटे शैलेंद्र से विवाद चल रहा हैं। जिसके चलते उसने शैलेंद्र को सम्पत्ति से बेदखल कर रखा हैं। आरोप है कि इसी से क्षुब्ध होकर शैलेंद्र व उसकी पत्नि अर्चना शनिवार को उसके आवास पर पहुंचे ओर गाली गलौच देते हुए लात घूसों से मारपीट कर दी ओर घर में रखा सामान तोडफोड डाला। पुलिस ने दोनो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

## सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मुख्य मार्ग पर सीकरी कलां के समीप तीव्र गति से आ रही कार अनियंत्रित होकर बुलेट से टकराते हुए ठेले में टक्कर मार दी। जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और बुलेट मोटरसाईकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। तिबडा रोड निवासी अमनप्रीत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता मनजीत सिंह गांव सीकरी कलां के गंगा एनक्लेव के बाहर बिरयानी का ठेला लगाते हैं। शनिवार को मेरठ की ओर से तीव्र गति से आ रही कार अनियंत्रित होकर बुलेट से टकराई,फिर उसने ठेली में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार का ड्राइवर नशे मे बताया गया हैं। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

## दम्पत्ति के बीच हुए विवाद में ससुराल पक्ष के लोगों ने मां बेटी को किया घायल, मामला दर्ज

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव भदौला में दम्पत्ति के बीच हुए विवाद के चलते बेटी को लेकर ससुराल पहुंची उसकी मां के समझाने बुझाने पर क्षुब्ध ससुराल पक्ष के लोगों ने लोह की राड मारकर मां बेटी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। गांव रोरी निवासी पूरन सिंह की बहन अंशिका की शादी समीप के गांव भदौला निवासी अनुज से हुई हैं। चार दिन पूर्व ससुराल पक्ष के लोगों ने अंशिका के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जिसे लेकर शनिवार को जब उसकी मां सतबीरी अपनी बेटी को मायके से लेकर ससुराल पहुंची ओर उन्हें समझाने बुझाने लगी। आरोप है कि इस बीच ससुराल पक्ष के उसके पति अनुज उसकी मां जसवीरी,चचेरे ससुर ने लोहे की रॉड से माँ बेटी पर हमला बोल दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुए बेइज्जत कर घर से निकाल दिया। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। पुलिस ने आरोपी पति अनुज, श्रीमती जसवीरी,संजय निवासी भदौला के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

# पत्नी को लेने निकला युवक कार में मृत मिला, शरीर पर चोट के निशान देख परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के निस्तौली निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव भारत सिटी सोसायटी के निकट एक पेट्रोल पंप के पास खड़ी उसकी कार के अंदर मिला। शरीर पर चोट के निशान मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

मृतक की पहचान निस्तौली निवासी 30 वर्षीय अखिलेश उर्फ सोनू पुरोहित के रूप में हुई है। वह नोएडा स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत था। परिवार में पिता कैलाश पुरोहित, पत्नी प्रज्ञा और आठ माह का पुत्र है। करीब डेढ़ वर्ष पहले अखिलेश का विवाह देहरादून निवासी प्रज्ञा से हुआ था। एक सप्ताह पहले प्रज्ञा अपने मायके गई थी और शनिवार को अखिलेश उसे लेने के लिए अपनी कार से देहरादून रवाना हुआ था। परिजनों के अनुसार, अखिलेश ने रास्ते में अपनी पत्नी को संदेश भेजकर देहरादून आने की जानकारी दी थी। बाद में उसने एक अन्य मैसेज में किसी जरूरी कार्य के चलते सहारनपुर होते हुए देहरादून पहुंचने की बात भी लिखी थी। चूंकि वह स्वयं कार चला रहा था, इसलिए परिवार ने उसे बार-बार फोन कर परेशान करना उचित नहीं समझा। लेकिन देर रात तक उसके देहरादून नहीं पहुंचने पर चिंता बढ़ गई। जब





फोन पर संपर्क नहीं हो सका तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी।

रविवार दोपहर तलाश के दौरान भारत सिटी सोसायटी के निकट एक पेट्रोल पंप के पास अखिलेश की कार खड़ी दिखाई दी। परिजनों ने कार के अंदर देखा तो अखिलेश मृत अवस्था में मिला। परिजनों के अनुसार उसका एक पैर स्टेयरिंग पर था, जबकि सिर आगे की दोनों सीटों के बीच झुका हुआ था।

चेहरे और आंख के पास चोट के निशान भी दिखाई दिए। इस स्थिति को देखकर उन्होंने हत्या की आशंका जताई और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता कैलाश पुरोहित ने बताया कि शुक्रवार को अखिलेश ने उन्हें फोन कर कार्यालय में व्यस्त होने के कारण देहरादून न जा पाने की बात कही थी। इसके बाद उन्होंने स्वयं देहरादून जाने का निर्णय लिया था, लेकिन बाद में अखिलेश ने अपना कार्यक्रम बदलते हुए पत्नी को लेने जाने की हामी भर दी और शनिवार शाम करीब तीन बजे घर से रवाना हो गया। इसके बाद वह सकुशल अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सका। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार की भी बारीकी से जांच की गई। पुलिस को कार से मृतक का मोबाइल फोन मिला है, जिसे कब्जे में लेकर उसकी कॉल डिटेल, मैसेज और अन्य डिजिटल गतिविधियों की जांच की जा रही है, ताकि मौत से पहले की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मौत के कारणों को लेकर कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मौत किन परिस्थितियों में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। यदि जांच में किसी प्रकार की आपराधिक घटना सामने आती है तो संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई इस घटना के बाद पूरे परिवार में शोक का माहौल है। परिजन मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, जबकि पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## मनीषा शर्मा का कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में चयन हुआ

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर की मनीषा शर्मा का कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में चयन हुआ है। ये चैम्पियनशिप 17 सितम्बर से 27 सितंबर तक कनाडा में आयोजित होगी। मनीषा पहले भी देश के लिए पदक जीत चुकी है। मनीषा के कोच पारुल त्यागी ने बताया कि मनीषा पूर्व टाइम से प्रिंस जिम में इस गेम की तैयारी कर रही थी।



मनीषा पहले भी देश के लिए कई बार पदक जीत चुकी हैं । देश के हर खिलाड़ी का सपना होते है। कॉमनवेल्थ में खेलने का, वह सपना मनीष शर्मा का पूर्ण होने जा रहा है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर गाजियाबाद में भव्य आयोजन, स्मृति द्वार का शिलान्यास

कपिल चौहान











**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** जनपद गाजियाबाद में 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श शासन, लोककल्याणकारी कार्यों तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें जनसेवा, न्याय और सांस्कृतिक मूल्यों की प्रेरणास्रोत बताया। समारोह के उपरांत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद लोनी बॉर्डर बस डिपो के निकट विधायक निधि योजना के अंतर्गत 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर स्मृति द्वार का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कहा गया कि स्मृति द्वार भावी पीढ़ियों को लोकमाता के आदर्शों और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सांसद अतुल गर्ग, विधायक नंद किशोर गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित लोगों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का संकल्प भी लिया।

# माता-पिता की स्मृति में भव्य समाधि स्थल और आश्रम का निर्माण, प्रतिमाओं का हुआ अनावरण

## नरेश टिकैत बोले- माता-पिता का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता

ललित शर्मा





**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर तहसील के ग्राम रोरी में माता-पिता के सम्मान और स्मृति को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन इंडस्ट्री ग्रेटर नोएडा एवं ब्राह्मण महापंचायत वृंदावन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम साधक और समाजसेवी सहदेव शर्मा ने अपने दिवंगत माता-पिता स्वर्गीय दीपचंद शर्मा और स्वर्गीय सावित्री देवी की स्मृति में निर्मित भव्य समाधि स्थल एवं आश्रम का लोकार्पण कर उनकी प्रतिमाओं का अनावरण कराया।

समारोह में संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-अर्चना और श्रद्धांजलि अर्पण के साथ हुई। उपस्थित अतिथियों ने समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्माओं को नमन किया।

स्वर्गीय दीपचंद शर्मा ग्राम रोरी के भूतपूर्व सरपंच एवं प्रधान रहे थे। उनके सामाजिक योगदान और जनसेवा को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज में उनके कार्य आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वहीं स्वर्गीय सावित्री देवी के त्याग, संस्कार और परिवार निर्माण में उनकी भूमिका को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में गौरीशंकर धाम वृंदावन के शिवम साधक, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत, सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ. मंजू शिवाच, विधायक बलराम डांगी, सीतापुर के सांसद राजेश राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा की भावना को जीवित रखना समय की आवश्यकता है। सहदेव शर्मा द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में कराया गया यह निर्माण समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। इससे नई पीढ़ी को अपने माता-पिता के प्रति कर्तव्यों और संस्कारों का संदेश मिलेगा।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि माता और पिता का ऋण जीवनभर नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने कहा कि माता-पिता के सम्मान में किया गया यह कार्य न केवल सराहनीय है, बल्कि युवाओं को अपने परिवार और संस्कारों से जुड़े रहने की प्रेरणा भी देता है। समारोह के अंत में सहदेव शर्मा ने सभी संत-महात्माओं, अतिथियों, जनप्रतिनिधियों तथा दूर-दराज से पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नानकचंद शर्मा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में चौधरी रामकुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, तथा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर अक्षय कुमार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा, सम्मान और पारिवारिक मूल्यों के संदेश से ओत-प्रोत नजर आया।

## विधायक तेजपाल नागर के प्रयास रंग लाए, जीटी रोड पर बनेगी इंटरलॉकिंग टाइल्स की साइड पटरी



कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** दादरी। दादरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिल गई है। विधायक तेजपाल सिंह नागर के प्रयासों से जीटी रोड पर धर्मवीर भाटी (बौंडाकी वाले) के मकान से नगर पालिका सीमा बोर्ड तक सड़क की साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना पर करीब 1.77 करोड़ रुपये (177.76 लाख) खर्च किए जाएंगे।

विधायक तेजपाल सिंह नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से दादरी विधानसभा में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण पूरा होने के बाद स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी, साथ ही क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित सहित बलराज भाटी, दिनेश भाटी, ईश्वर भाटी, आजाद प्रधान, राकेश प्रधान, तरुण नागर, रजाक चेयरमैन, सुनील भाटी, एच.के. शर्मा, कुलदीप नागर, जीतू भाटी, मनोज चैची, मनोज प्रधान, बबिता नागर, दीपक नागर, महेश गुर्जर, प्रभु दरोगा, महावीर राव समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

विधायक तेजपाल सिंह नागर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से जनहित के विकास कार्यों को आगे भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जाता रहेगा।

## सरकारी जमीन से हटा अवैध मजार, लोनी ट्रोनिका सिटी में चला बुलडोजर







कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के लोनी ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के सी-8 सेक्टर में सरकारी भूमि पर बने कथित अवैध मजार को जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात रही तथा पूरा अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

प्रशासन के अनुसार संबंधित भूमि यूपीसीडा के अधिकार क्षेत्र की सरकारी भूमि है। जांच में मजार का राजस्व अभिलेखों में कोई रिकॉर्ड नहीं मिला और निर्माण को अवैध अतिक्रमण माना गया।

आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व एडीएम सिटी विकास कश्यप और एसडीएम लोनी दीपक सिंगनवाल ने किया। इस दौरान यूपीसीडा, राजस्व विभाग और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## ऑटो में उड़ाया मोबाइल, पुलिस ने चोर को दबोचा; चोरी का फोन बरामद



कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने चलती ऑटो में मोबाइल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। लालकुआं निवासी सत्यम राय ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 जून को नोएडा से लौटते समय एबीईएस कॉलेज कट के पास ऑटो में सफर के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई।

जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके पास से चोरी का मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गाजियाबाद के 2,244 बूथों पर सुनी गई 'मन की बात', प्रधानमंत्री के संदेशों पर हुआ सामूहिक श्रवण









कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 135वें एपिसोड का रविवार को गाजियाबाद महानगर के सभी 2,244 बूथों और 362 सेक्टरों में सामूहिक श्रवण किया गया।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। 'मन की बात' के महानगर संयोजक आशीष चौधरी ने बताया कि सभी मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, योग, प्राकृतिक खेती और वैश्विक परिस्थितियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए।

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी युद्धपोतों का उल्लेख करते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियों को रेखांकित किया। साथ ही 'कैच द रेन' अभियान, इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं के उपयोग और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन जैसे पर्यावरणीय प्रयासों को बढ़ावा देने की अपील की।

उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला तथा नागरिकों से संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

## 1.50 करोड़ के 316 चोरी के मोबाइल बरामद, ग्रेटर नोएडा पुलिस ने दो शातिर चोर दबोचे





कपिल चौहान

**ग्रेटर नोएडा(वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 1.50 करोड़ रुपये मूल्य के IQOO कंपनी के 316 चोरी के मोबाइल फोन, फर्जी नंबर प्लेट लगी एक थ्री-व्हीलर ऑटो और दो अवैध चाकू बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। इससे पहले भी इसी गिरोह के तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान 100 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

इस कार्रवाई को मोबाइल चोरी करने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ ग्रेटर नोएडा पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## गौ सेवा को नई उड़ान: नि:शुल्क गौ एंबुलेंस सेवा शुरू, धूनी तप की पूणार्हुति पर भक्ति में डूबा हिंडन विहार









कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** हिंडन विहार स्थित मंदिर परिसर में रविवार को गौ सेवा और सनातन संस्कृति को समर्पित कार्यक्रम में निःशुल्क गौ एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया। महंत मछेंद्रपुरी महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सेवा घायल एवं बीमार गौवंश को समय पर उपचार और सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

कार्यक्रम के दौरान महंत मछेंद्रपुरी महाराज के 31 दिवसीय धूनी तप की पूणार्हुति पर भव्य संगीतमय कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संतों और सामाजिक कार्यकताओं ने इसमें भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

महंत मछेंद्रपुरी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की परंपराओं, सेवा और संस्कारों के संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी सनातनियों से धर्म और संस्कृति के संवर्धन के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। टीम पवन तोमर ने बताया कि जनसहयोग और संतों के आशीर्वाद से गौ सेवा के कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## नंदग्राम थाने पर भाकियू भानू का धरना, दो दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो डीसीपी कार्यालय का होगा घेराव

कपिल चौहान



**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने रविवार को थाना नंदग्राम परिसर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसआई बृजेश पाल को लाइन हाजिर करने और संगठन के एक पदाधिकारी के साथ हुई लूट की घटना में दर्ज मुकदमे में कड़ी धाराएं जोड़कर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग उठाई। धरने के दौरान थाना प्रभारी नंदग्राम समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने संगठन के प्रतिनिधियों से वार्ता की और मांगों के समाधान के लिए दो दिन का समय मांगा। संगठन का कहना है कि लूट की घटना में मोबाइल फोन, नकदी और अन्य सामान छीना गया था, लेकिन मुकदमे में पर्याप्त धाराएं नहीं लगाई गईं। भारतीय किसान यूनियन भानू ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर दोनों मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन डीसीपी कार्यालय, घंटाघर पर बड़ा धरना-प्रदर्शन करेगा। संगठन ने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

## सड़क सुरक्षा पर परिवहन विभाग का बड़ा एक्शन: चार जिलों में 2200 वाहनों पर चालान और सीज की कार्रवाई





कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने गाजियाबाद मंडल के चार जिलों में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर डॉ. सियाराम वर्मा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के नेतृत्व में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर और हापुड़ में व्यापक जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 2200 वाहनों के खिलाफ चालान एवं सीज की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट चलने वाले 426, बिना सीट बेल्ट 129, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले 38, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 184, ड्रंक एंड ड्राइव के 20, ओवरस्पीड के 540, अनधिकृत बसों के 85, फर्जी या गलत नंबर प्लेट वाले 202, रिफ्लेक्टर संबंधी 180 तथा अनधिकृत पार्किंग के 396 मामलों में कार्रवाई की गई। साथ ही कई वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। सम्भागीय परिवहन अधिकारी डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

उन्होंने वाहन चालकों से दोपहिया पर आईएसआई मानक हेलमेट और चारपहिया में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।